--अक्षत शर्मा 'अन्वेषक'

विषयानुक्रमणिका

भूमिका

"सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः॥" (ऋग्वेद १०/१९०/३)

विधाता अर्थात ईश्वर ने सूर्य, चंद्र, पृथ्वी, अंतरिक्ष और अन्य समस्त लोकों को जैसा पहले की सृष्टि में रचा था वैसे ही इस कल्प में रचा है। अर्थात ईश्वर कल्प कल्पान्तरों में ऐसे ही सृष्टि की रचना करते हैं। ईश्वर अनादि और अनन्त है।

विषय से पूर्व भूमिका देना सहायक होता है जिससे पाठक और लेखक का एकाकी सम्बन्ध मिलता है। जो लेखक कहना चाहता है वही पाठक समझे यही उसकी अभिलाषा होती है उससे कुछ अन्य नहीं। हालांकि यह विवाह का विषय कुछ क्लिष्ट और जटिल है तो भी प्रयास करता हु सरलता से सब महत्वपूर्ण बिंदु समेट सकूँ। मै बिलकुल कोई विद्वान् नहीं हूँ, अपितु मैंने केवल खोजकर्ता का कार्य किया है और जिससे हर पत्र के हर विषय के कर्ता पर मैंने 'अन्वेषक' नाम डाला है अर्थात खोजकर्ता। उसी रूप में मेरा दर्शन करें।

यह लेख किसी स्वार्थ या द्वेष भाव से नहीं केवल सत्य असत्य की व्याख्या की गयी है, आप पर कोई बात थोपने का प्रयास नहीं है पर अपने विवेक का सहारा लेना और सत्य तक पहुंचना, की ये ही श्री कृष्णा और श्री राम का उपदेश भी है और उनके मानने वालो को भी अनुसरण करना ही उचित है अन्य का नहीं।

जो कार्य मैंने किया वह न बताने का अपराध अवश्य मुझसे हुआ पर अन्य घटक अगर देखे जाए जो इसके साथ समाज मुझसे जोड़ेगा उनमे जो मेरा अपराध मानते है वह सत्य का पक्ष नहीं है. यह सब उपदेश देने का मुझे क्या अधिकार है?

स्मृति शास्त्र का वचन है -

न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न च बनधुभिः। ऋषयश्डक्रिरे धर्मं योऽनूचानः स नो महान ।। ***(मनुस्मृति २.१२९)***

न अधक वर्षो का होने से, न श्वेत बालो के होने से, न अधिक धन से, न बड़े कुटुंब के होने से मनुष्य बड़ा होता है, (ऋषय: धर्मं चक्रिरे) किन्तु ऋषि-महातमाओ का यही नियम है की (यो न: अनुचान: स: महान)जो हमारे बीच में वेद और विद्या - विज्ञान में अधिक है, वही बड़ा अर्थात वृद्ध है।

इसका अर्थ ज्ञान किसी आयु का अपेक्षित नहीं होता वह पुरुषार्थी और अन्वेषक को ही मिलता है और उस सत्य के मिलने से आत्मा को अत्यंत संतोष लाभ होता है.

प्रायः व्यक्ति कहते हैं की यह धर्म उपदेश कलियुग में नहीं चलते. ये तो केवल सतयुग का कार्य है. प्रत्युत यह सीनेमा देखे 80 के दशक के लोगों की ही है जो सत्य-असत्य का निर्णय टी.वी. के डब्बे से करते है. धर्म का उपदेश का अब लाभ नहीं यह मानसिकता समाज को और अन्धकार में ले जाती है.

सत्ये प्रतिष्ठिता लोका धर्मः सत्ये प्रतिष्ठितः । उदधिस्सत्यवाक्येन मर्यादां न विलंघते ।। ***(पद्म पुराण श्लोक 1.18.396)***

भावार्थ: संसार सत्य में स्थापित है और धर्म सत्य में स्थापित है. सत्य से ही सागर अपनी सीमाओं का उल्लंघन नहीं करता.

सत्य जब समझौता कर लेता है तब समाज में दुष्ट और बढ़ते हैं जिससे समाज में ही सबका सबसे अविश्वास सा पैदा होता है. जब पहला मनुष्य अपने स्वार्थ से दुष्ट बनता है तो बाकी भी अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए उसे अपना

सहयोगी बनाते है, अपराध से अभय ऐसे गुट फिर अपनी ही अलग राजनीति आरंभ कर देते है.

अपराध का भाग इन दुष्टों से कहीं अधिक उनका होता है जो अधर्म देखकर भी शांत रहते है. यही वे सत्य के दलाल इन दुष्टों से आंशिक स्वार्थ अपना भी सिद्ध करते हैं. यह शांत रहने वाले लोग कौन हैं? लोग अधिकांशतः समझते हैं समाज दोईभाग में बटा है, जिन्हें वे सज्जन लोग और दुष्टलोग पर विभक्त कर अंत समझते हैं. यह उनकी भूल है. बीच में एक समाज और है जिसे 'दिखावा समाज' कह सकते हैं.

सारा संकट इन्ही का बनाया है. ये अपने को सत्यवादी दिखना अवश्य चाहते हैं पर इन्हें स्वार्थ भी पूरा करना है, इसलिए पीछे से कुकर्म करते हैं. अधर्म देखकर भी शांत रहते हैं और प्रसिद्ध धारणा में बहते हुए यश की कामना वाले ये अवसर आने पर धर्म का द्रोह भी करने में उद्यत होते हैं. आज समाज में 90 प्रतिशत से ज्यादा यही 'दिखावा समाज' वर्तमान है, क्यूंकि आर्थिक रूप से यह मध्यवर्गीय समाज ही यश की कामना सबसे अधिक करता है और भारत में भी यही वर्ग सबसे अधिक है(32%).

अतः, धर्म को दुष्ट नहीं मारते, सत्य से समझौता करने वाले वो दलाल मारते हैं जो सत्य का चोला ओढ़े रहते हैं पर उसके नीचे केवल अपनी स्वार्थ सिद्धि किया करते हैं.

फिर पलटकर वह मारा हुआ धर्म भी -

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत् ॥

मनुस्मृति 8.15

मरा हुआ धर्म मारने वाले को ही नष्ट कर देता है- (हतः धर्मः एव) मारा हुआ धर्म निश्चय से (हन्ति) मारने वाले का नाश करता है और (रक्षितः धर्मः) रक्षित किया हुआ धर्म (रक्षति) रक्षक की रक्षा करता है (तस्मात्) इसलिए (धर्मः न हन्तव्यः) धर्म का हनन कभी न करना चाहिये, यह विचार कर कि (हतः धर्मः) मारा हुआ धर्म (नः मा अवधीत्) कभी हमको न मार डाले ॥ १५ ॥

मनुष्य उसी को कहते हैं तो अच्छा-बुरा, सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म का निर्णय कर सके. उसे मनुष्य नहीं कहते जिसका लक्ष्य भोग है, वह तो जानवर का बड़ा भाई कहाता है.

इश्वर रचित व्यवस्था में अंत सबका होता है और सबके कर्म संचित भी होते हैं. कोई सोचे इस समाज में अपना नाम बना लेवें तो लोग हमको जानेंगे हमें पूछेंगे हमारा सम्मान और यश मिल ही जाए बचा यह किस मध्यम से प्राप्त होगा वह आगे-की-आगे देखी जायेगी तो यह उसे उस व्यक्ति को समझ लेना चाहिए एसा नहीं हुआ करता. कोई इश्वर की व्यवस्था में सोचे की भक्ति से, योग से, चढ़ावे से, या अर्जी लगाकर पाप मुआफ करदिया करेगा? एसा नहीं होता. हर पाप या पुण्य का प्रतिफल अवश्य मिलता है, यह उस सर्वशक्तिमान परमेश्वर का प्राणीमात्र को दृढ संकल्प है.

न किल्बिषमत्र नाधारो अस्ति न यन्मित्रैः सममान एति। अनूनं पात्रं निहितं न एतत्पक्तारं पक्वः पुनरा विशाति ॥

अथर्व १२/३/४८

अर्थ- "कर्मफल के विषय में कोई त्रुटि कभी नहीं होती और किसी की सिफारिश भी नहीं सुनी जाती, ऐसी बातें नहीं होती। यह भी नहीं है कि मित्रों के साथ सङ्गति करता हुआ जा सकता है। कर्मफल रूपी तराजू पूर्ण है बिना किसी घटा-

बढ़ी के सुरक्षित रखी है। पकाने वाले को पकाया हुआ पदार्थ, कर्मफल के रूप में आ मिलता है,अवश्य प्राप्त हो जाता है। "

मंत्र अथर्ववेद से है

मतलब; आपके द्वारा बोए गए बीजों को वापस देने में कभी कोई त्रुटि नहीं होती और न ही आपकी विनती (क्षमा की) सुनी जाती है, इस तरह की चीजें नहीं होती हैं। यहां तक कि अगर आप अच्छे लोगों में रहते हैं, तो भी आपके कार्य आपके पास वापस आ जाएंगे (या तो इस जीवन में या दूसरों में)।

कुछ भी नहीं भुलाया जाएगा, कुछ भी माफ नहीं किया जाता

प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः। केनापि देवेन हृदि स्थितेन यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि।।

गर्गसंहिता अश्वमेध 50। 36

(दुर्योधन कहता है) 'मैं धर्मको जानता हूँ, पर उसमें मेरी प्रवृत्ति नहीं होती और अधर्म को भी मै भलीं-भांति जानता हूँ, पर उससे मेरी निवृत्ति नहीं होती। मेरे हृदयमें स्थित कोई देव है, जो मुझ से जैसा करवाता है, वैसा ही मैं करता हूँ।'

दुर्योधन द्वारा कहा गया यह 'देव' वस्तुतः 'काम' (भोग और संग्रह की इच्छा) ही है, जिससे मनुष्य विचारपूर्वक जानता हुआ भी धर्मका पालन और अधर्म का त्याग नहीं कर पाता।

अधिकांश लोग अपने स्वभाव का निरीक्षण नहीं कर पाते और जो कर लेते है, वह भी वह राग और प्रयोजनवश स्वीकार नहीं करते, यह आपसी द्वेष का कारण है, मेरे इस लेख के बनाने का प्रयोजन सत्य का अर्थ प्रकाश करना है- अर्थात जो सत्य है उसे सत्य और जो मिथ्या है उसे मिथ्या ही प्रतिपादित करना सत्य अर्थ समझा है.

जो पक्षपाती मनुष्य होता है, वह अपने असत्य को भी सत्य और दुसरे के के सत्य को भी असत्य सिद्ध करने में प्रवृत होता है, इसलिए वह सत्य को प्राप्त नहीं होता, सत्य का ग्रहण और असत्य मिथ्या का त्याग करके ही सदा आनंद होता है, क्योकि असत्य से कभी सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती.

उदाहरण रूप- बहुधा लोग भी अपने सुख को दुसरो के कार्यों पर आश्रित मानते हैं और उपेक्षा होने से दुःख सागर में गोते खाते हैं. यह असत्य धारणाएं भ्रम और दुःख का कारण है. इससे यही कथन उचित है– उत्तम सुख सत्य में ही है, वही असली सुख 'संतोष का सुख' है.

अंत में, मनुष्य का आत्मा सत्य-असत्य का जानने वाला है, फिर भी अपने प्रयोजन की सिद्धि, हठ, दुराग्रह और अविद्या अदि दोषों से सत्य को छोड़ असत्य में झुक जाता है, परन्तु इस लेख में ऐसी बात नहीं रखी है, पर जिससे सभी पक्षों विपक्ष की उन्नति और उपकार हो सत्य असत्य समझकर, सत्य का ग्रहण और असत्य का परित्याग करे क्योकि सत्य उपदेश के बिना मनुष्य जाति की उन्नति का कोई अन्य कारण नहीं है. एसी बाते सोचकर मैंने यह पत्र-लेख पर परिश्रम किया है, प्रथम प्रेम से देखकर सत्य-असत्य तात्पर्य जानकर कृतज्ञ करे.

-अक्षत ***बी.ए.द्वितीय वर्ष***

॥ इति भूमिका ॥

****

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम् । यो सावादित्ये पुरुषः सो सावहम् ।

ओ३म् खं ब्रह्म॥ (यजु. ४०. १७)

हे मनुष्यों, मेरे द्वारा देदीप्यमान रक्षक शाश्वत कारण, पदार्थ के चेहरे को ढक देता है। सूर्य में जो आत्मा है, वह जो आत्मा है, वह मैं हूं। मैं आकाश के समान विशाल हूं, गुण, कर्म और स्वभाव में सबसे महान मैं हूं।

'ओम' मेरा नाम है.

इतिहास ग्रन्थ में स्वयंवर का प्रमाण

खंडः१

इतिहास ग्रन्थ में स्वयंवर का प्रमाण-

१. **सीता स्वयंवर-** इन्हें 'वीर्यशुल्का' भी कहते हैं। इनके पिता ने शर्त रखकर विवाह किया था। पूर्वपक्षी कह सकता है की यहाँ तो पिता की आज्ञा से विवाह हुआ है, तुम क्या बकवाद करते हो? तो इसका उत्तर यह है की उनके पिता ने प्रतिज्ञा- प्रत्योगी के बल के आधार पर रखी थी, क्योंकी वे सीता जी को सामान्य नहीं मानते थे। यहाँ विवाह का आधार बल-पराक्रम था जाति-प्रतिष्ठा नहीं। एक किवदंती यह भी है लंका का राजा रावन एक समय इस धनुष को उठाने आया था पर असफल हुआ।

मेरी कन्या वीर्यशुल्का है, अतः बिना पराक्रम की परीक्षा लिए मै अपनी कन्या किसी को नहीं दूंगा। (राजा जनक)

(बालकाण्ड सर्ग 25 श्लोक 26)

अब कोई कहे यहाँ तो राजा ने राजा से ही विवाह किया, दोनों सामान जाति के हैं। इसे दुसरे प्रमाण से जानते है की इसका रहस्य क्या है? क्या विवाह में जाति का आधार सच में है भी या नहीं? इसका उत्तर नीचे है-

२. **द्रौपदी स्वयंवर-** महाभारत में पांचाल(उत्तरप्रदेश का मैनपुरी क्षेत्र) के राजा द्रुपद की बेटी द्रौपदी के लिए, उम्मीदवारों को धनुष और बाण से मच्छली की आंख पर निशाना साधना था। यह मछली तेल से भरे तवे के ऊपर रखे घूमते पहिये की एक छवि मात्र थी। दावेदारों को तेल में मछली के प्रतिबिंब का उपयोग करके लक्ष्य बनाना था।

"जो उत्तम कुल, सुन्दर रूप और श्रेष्ठ बल से संपन्न वीर यह महान कर्म कर दिखायेगा, आज मेरी यह बहन कृष्णा(द्रौपदी) उसी की धर्मपत्नी हो जाएगी।" (द्रिष्टद्युम्न)

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 200 श्लोक 60-61)

पाण्डव स्वयं ब्राह्मणों सहित बैठ गये।

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 200 श्लोक 23)

पाण्डु के पुत्र क्रमानुसार पांचाल पहुँचकर, कुम्हार के समीप में अपना घर बना लिया। वहां उन्होंने समाज से भिक्षा ली और ब्राह्मणवादी व्यवसाय अपनाया

(महाभारत आदिपर्व 200 श्लोक 5-7)

"जब सब राजाओं ने उस धनुष पर प्रत्यंचा चढाने के कार्य से मुँह मोड़ लिया, तब उदारबुद्धि अर्जुन ब्राह्मणवेश में ब्राह्मण मंडली के बीच से उठकर खड़े हुए।"

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 203 श्लोक 1)

और आगे की कहानी में अर्जुन मच्छली की आँख को भेद देता है। कोई कह सकता है की वह था तो क्षत्रिय ही न? पर यह न भूलें की वहाँ सभा में किसी को इसका पता नहीं था की ब्राह्मण युवक असल में है कौन, क्यूंकि पांडवों का अज्ञातवास चल रहा था, अतः स्वयंवर की शर्त पूरी होते ही द्रुपद ने अपनी पुत्री का विवाह ब्राह्मण वेश धारण किये अर्जुन से करवा दिया।

इसके पश्चात जब सभा में उपस्थित अन्य क्षत्रिय इससे क्रुद्ध हुए और अज्ञात ब्राह्मण से युद्ध को उद्यत हुए तो श्री कृष्ण जी ने सबको यह कह कर समझा दिया की उन्होंने ***"धर्मपूर्वक द्रौपदी को प्राप्त किया है"***। इस प्रकार समझाकर उन क्षत्रियों को रोक दिया।

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 187)

हमने यहाँ सीता स्वयंवर से पाय की जाति-जन्म कोई विवाह का आधार नहीं है, और द्रौपदी के विवाह से जाना की ब्राह्मण क्षत्रिय का भी विवाह हो सकता है, एवं विवाह में जाति वर्ण तक का भेद हुआ जिसका श्री कृष्णा ने तक समर्थन किया। तो फिर विवाह का आधार क्या है? यह आगे देखेगे पर सामान्य-साधारण का अंगूठे का नियम यह है की जो कोई वेदविद्या का ज्ञाता, और बल से पुष्ट अच्छे कुल का हो वह श्रेष्ठ है मानना चाहिए।

अब आगे और प्रमाण देखिये

३. **राजा भोज द्वारा कुंती का स्वयंवर-** इसमें विवाह की अभिलाषा वाले भारतवर्ष के युवाओं को पंक्ति में रखकर राजा भोज की सभा में कन्या कुंती ने राजा पंडू को पंक्ति से चुन लिया

निर्दोष अंगों वाली कुन्तिभोजकुमारी शुभलक्षणा कुंती स्वयंवर की रंगभूमि में नरश्रेष्ठ पांडू को देख कर मन-ही-मन उन्हें पाने के लिए व्याकुल हो उठी।

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 121 श्लोक 6)

फिर कुंती ने लजाते लजाते राजा पांडु के गले में जयमाला डाल दी। तब उसके पिता राजा कुंतीभोज ने [शास्त्रोक्तविधि के अनुसार पांडु के साथ] कुंती का विवाह करा दिया।

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 121 श्लोक 8)

(महाभारत सातवलेकर एवं BORI –अध्याय १०४ श्लोक १-२ पेज. ५७७)

(महाभारत गीता प्रेस द्वारा अध्याय ११२ श्लोक ८ पेज ८१३)

कोई कहे की ये तो राजपुरुष हैं इनका क्या है, जो चाहे सो करे। तो इसका उत्तर गीता में हैं की क्यों समान्य जन का केवल धनादि, सामर्थ्य कम है धर्म, विद्या और अधिकार एक राजा से बिलकुल नहीं।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरा जनः । स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ।।

भाग्वद्गीत अध्याय 3 श्लोक 21

अर्थ: श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य पुरुष भी वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ प्रमाण कर देता है, समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता है ।।21।।

४. काशिराज की पुत्री अम्बा- (महत्वपूर्ण प्रमाण)

भीष्म काशिराज की तीन कन्याओं को अपने भाई विचित्रवीर्य के लिए अपहरण कर लाये थे। जब उस काशिराज की ज्येष्ठ कन्या अम्बा ने सुना की भीष्म अपने छोटे भाई से उन तीनो का विवाह करेगे, तो उसने भीष्म से यह कहा:

"धर्मात्मन! मैंने पहले से ही मन-ही-मन मेरे गृह वाराणसी पूरी में ही राजा शाल्व को पतिरूप में वरण कर लिया है। इस बात को सोच-समझकर जो धर्म का सार प्रतीत हो, वही कार्य कीजिये।"

(काशिराज की पुत्री अम्बा)

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 109 श्लोक 63-64)

[उसके एसा कहने पर]

"धर्मज्ञ भीष्म ने वेदों के पारंगत विद्वान् ब्राह्मणों के साथ भलीं-भाँती विचार करके काशिराज की ज्येष्ठ पुत्री अम्बा को उसी समय शाल्व के यहाँ जाने की आज्ञा प्रदान कर दी"

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 109 श्लोक 68)

भीष्म और ब्राह्मणों के परामर्श के पश्चात तत्काल ही कुरु सम्राट राजा विचित्रवीर्य ने अम्बा की ओर देखा और पारंपरिक न्यायशैली में तुम्हें एक ही बार में, जैसी इच्छा हो, मुक्त कर दिया जाता है अम्बा को राज्यादेश दिया

(महाभारत आदिपर्व अध्याय 109 श्लोक 73)

इस प्रमाण से पूर्ण रूप से सिद्ध किया जा चूका है की सत्य क्या है. आज के ब्रामण यद्यपि ब्रह्मचारी भीष्म और उस समय के वेद के पारंगत ब्राह्मणों से संभवतः कुछ अधिक ही चतुर होंगे?

दामयंती-

महाभारत का एक और प्रसिद्ध स्वयंवर दमयंती की कहानी में मिलता है, जिसने देवताओं की सभा में नल को अपने पति के रूप में चुना था।

(महाभारत वन पर्व अध्याय 53 श्लोक 1-18)

ईरान की कितायुन-

ईरानी साहित्य में कितायुं: फ़िरदौसी का शाहनामा पूर्व-इस्लामिक ईरान में एक ऐसी ही परंपरा को दर्ज करता है, जिसमें कॉन्स्टेंटिनोपल के सम्राट की सबसे बड़ी बेटी कितायुन ने ईरानी गुश्तस्प का चयन किया था। रुम के कैसर(सम्राट) की एक बेटी थी, जिसका नाम कितायुन है, और वह उसके लिए एक पति ढूंढना चाहता है। जब कैसर देश के रईसों को दावत पर आमंत्रित करता है, तो

कितायुन की मुलाकात गुश्तस्प से होती है और वे प्यार में पड़ जाते हैं। कैसर इस विवाह का विरोध करता है, हालांकि, रूम में महिलाएं अपने पति को चुनने में स्वतंत्रता थी एवं रूम के **बिशप**(ईसाईयों का धर्मगुरु) ने कैसर को चेतावनी दी कि उनका विरोध इस प्रथा के विपरीत है। कैसर के पास इस शादी को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है, इसके बाद कैसर ने गुश्तस्प से उसे अपने दामाद के रूप में स्वीकार न करने के लिए माफ़ी मांगी।

केयूमर का दरबार, शाह तहमास्प के शाहनामे से सुल्तान मुहम्मद द्वारा लघुचित्र। आगा खान संग्रहालय

फिर कोई कहे ये राज्यपुरुष हैं, तो फिर वही बात है की सामान्य व्यक्ति का सामर्थ्य कम है- अधिकार और जिम्मेदारियां नहीं, कथा राज्य पुरुषों की मिलती हैं क्यूंकि सामान्य जन सामान्य ही है।

रुम सल्तनत-

वर्तमान तुर्की देश

रुम सल्तनत (तुर्को-फारसी सुन्नी मुस्लिम राज्य) की प्रथा के अनुसार, जब एक राजकुमारी विवाह योग्य उम्र तक पहुंच जाती है, तो सभी राजकुमार और रईस एक सभा भवन में इकट्ठा होते थे, जहां राजकुमारी अपनी दासियों के साथ प्रवेश करती थी और राजकुमारों में से एक को अपने पति के रूप में चुनती थी।

इतने प्रमाण देकर यह सिद्ध किया जा चूका है की स्वयंवर भारतवर्ष की ही नहीं विदेशों में भी एक उच्च श्रेणी की उत्तम व्यवस्था थी जिसमे कन्या की सहमती से ही विवाह किया जाता था।

इतिप्रथमपाठः

****

वेद और अवैदिक शास्त्र प्रमाण

[जाति, वर्ण, और विवाह के सत्य शास्त्र प्रमाण उनके सभी सन्दर्भ सहित]

ऋषि वाल्मीकि

-अन्वेषक

खंड:२

वेदादि इतिहास और अन्य अवैदिक शास्त्रों से भी प्रमाण

इस खंड में शास्त्रों में जाति, विवाह और अन्य के प्रमाण है- प्रथम प्रीती से

देखकर स्वीकार करें।

ब्राहमण कृष्ण को रुक्मिणी का विवाह करने को इच्छित पत्र देता है। (1610 ईस्वी के बिखरे हुए एक भागवत पुराण के पृष्ठ की पेंटिंग)

जाति में से शास्त्र प्रमाण देख लेवें

सर्वप्रथम श्री राम के आराध्य मनु के बारे में उनके विचार देख लें

शक्यं त्वयाSपि तत्कार्यं धर्ममेवानुपश्यता । श्रूयते मनुना गीतौ श्लोकौ चारित्रवत्सलौ। गृहीतौ धर्मकुशलैस्तत्तथा चरितं मया।

वाल्मीकि रामायण 4.18.31

मनु ने राजोचित सदाचार का प्रतिपादन करने वाले दो श्लोक कहे हैं, जो स्मृतियों में सुने जाते हैं और जिन्हें धर्मपालन में कुशल पुरुषों ने सादर स्वीकार किया। जिन्हें स्वयं मै भी अनुसरण करता और इस प्रकार मेरा यह बर्ताव हुआ।

(श्री राम का बाली के वध उपरान्त उसे उत्तर देना)

जन्मना जायते शूद्रः कर्मणा द्विज उच्यते। शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम । क्षत्रियाज्जातमेवं तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च ॥

मनुस्मृति 10. 65

अर्थात् -- पृथ्वी के प्रथम विधानकर्ता **"श्री राम के आराध्य, जिनके विधान का श्री राम भी अनुसरण करते हैं"-** राज-ऋषि मनु इस श्लोक में कह रहे हैं की जन्म से सभी शूद्र होते हैं। कर्म के अनुसार ब्राह्मण शूद्रता को प्राप्त हो जाता है और शूद्र ब्राह्मणत्व को। इसी प्रकार क्षत्रिय और वैश्य से उत्पन्न संतान भी अन्य वर्णों को प्राप्त हो जाया करती हैं।

एक सरल उपनिषद् से आत्मा, शरीर और जाति को समझने का प्रयास करते हैं-

वज्रसूचिका उपनिषद्

चार जातियाँ हैं, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।

यह पूछने की इच्छा होती है कि ब्राह्मण कौन है, उसका नाम क्या है, उसका जीव क्या है, उसका शरीर क्या है, उसकी जाति क्या है, उसका ज्ञान क्या है, उसका कर्म क्या है और उसका धर्म क्या है?

यदि जीव ब्राह्मण है, तो ऐसा नहीं है।

चूँकि जीव(आत्मा) का अतीत और भविष्य में कई जातियों के शरीरों में एक ही वह जीव(आत्मा) रूप होता है, चूँकि वह एक के कई शरीर संभव होते हैं, और चूँकि सभी शरीर में जीव(आत्मा) का एक ही रूप हैं।

अतः जीव(आत्मा) ब्राह्मण नहीं है।

यदि, फिर, शरीर ब्रह्म है, तो ऐसा नहीं है।

चूँकि नीच-उंच, अचंडाल और अन्य सभी जातिओं के मनुष्य का शरीर पाँच भौतिक रूप में सबका एक ही है- जिसका अंत बुढ़ापा और मृत्यु है। यदि शरीर ब्रह्म हो तो जब पिता और अन्य लोगों के शरीर जलाए जाते हैं, तो ब्राह्मण का पुत्र क्या ब्रह्म हत्या के दोषी हैं?

यदि, फिर, ज्ञान ब्रह्म है, तो ऐसा नहीं है।

ज्ञान ब्रह्म नहीं है। क्या ज्ञान को ब्राह्मण माना जाए? क्योंकि बहुत से क्षत्रिय (राजा जनक- जिन्हें बुद्धि में भगवान् गणेश के सम कहा है) आदि भी परमार्थ दर्शन के ज्ञाता हुए हैं (होते हैं)।

अस्तु, ज्ञान भी ब्राह्मण नहीं हो सकता

यदि, फिर, कर्म ब्राह्मण है, तो ऐसा नहीं है।

सभी प्राणी अपने आरंभ, संचित और भविष्य के कर्मों में अंतर देखकर(अपने कर्मों के अनुभव के आधार पर) भक्तजन कर्मों से प्रेरित होकर कर्म करते हैं। जब सभी का यही स्वभाव है, तो क्या सबसे कठिन परिश्रम करने वाले श्रमिक को क्या ब्राहमण माना जाए?

यदि, फिर, वह एक धार्मिक ब्राह्मण है, तो ऐसा नहीं है।

क्षत्रियों जैसे अनेक स्वर्ण दानी होते हैं। ऋष्यश्रृंग मृग्य से, कौशिका कुश से, जम्बूक जम्बूक से, वल्मिका वल्मिका से, व्यास कैवर्तक से।

तो ब्रह्म का नाम क्या है?

वह जो स्वयं को शांत करता है, अद्वितीय, जाति, गुण और कर्म से रहित, छह तरंगों, छह प्राणियों आदि जैसी सभी त्रुटियों से मुक्त, सत्य, ज्ञान, आनंद का अनंत रूप, विकल्प से रहित, शास्त्र, स्मृति, इतिहास और पुराणों का अर्थ है कि जो व्यक्ति नशे से युक्त, ईर्ष्या, तृष्णा, आशा, मोह आदि से रहित है और जिसका मन अभिमान, अहंभाव आदि से अछूता है और जिसके इस प्रकार वर्णित लक्षण हैं। एक ब्राह्मण है।

अन्यथा, ब्राह्मण होने की कोई पूर्णता नहीं है। उपनिषद कहता है कि व्यक्ति को स्वयं, एकमात्र ब्रह्म, सत्य और आनंदरूप परमात्मा का ध्यान करना चाहिए।

ॐ शांति, शांति, शांति।

॥ इति वज्रसूचिका उपनिषद् समाप्त ॥

यहाँ एक सरल भूमिका खींच दी है, अब आगे

वर्ण और जाति में भेद

वर्ण क्या है- वर्ण शब्द 'वृञ्' धातु से बना है जिसका अर्थ है 'चयन करना' या 'वरण करना'।

यास्क मुनि निरुक्त में लिखते हैं-

'वर्णो वृणोतेः' (निरुक्त 2. 3)

अर्थात् - वर्ण उसे कहते हैं जो वरण अर्थात् चुना जाये।

वर्ण शब्द के अर्थ से ही स्पष्ट है कि यहाँ व्यक्ति को स्वतंत्रता दी गई है कि वह किसी भी वर्ण का चुनाव कर सकता है।

न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वं ब्राह्ममिदं जगत् । ब्राह्मणाः पूर्वसृष्टा हि कर्मभिर्वर्णतां गताः ॥

(महाभारत शान्तिपर्व 988. 90)

सारा मनुष्य जगत् एक ही ब्रह्म की सन्तान है। वर्णों में कोई भेद नहीं है। श्रीब्रह्मा जी के द्वारा रचा गया यह सारा संसार पहले पूर्णतः ब्राह्मण ही था। मनुष्यों के कर्मों द्वारा यह वर्णों में विभक्त हुआ।

एक वर्णामिदं पूर्व विश्वमासीद युधिष्ठिर ।कर्मक्रिया विभेदेन चातुर्वण्यं प्रतिष्ठितम् । (महाभारत) गायत्री का अधिकार और अनाधिकार - Akhandjyoti April 1960 :: (All World Gayatri Pariwar) (awgp.org)

वर्ण - विकिसूक्ति (wikiquote.org)

श्रीमद्भागवत का प्रमाण आरंभ में दिया जा चुका है। अथ वर्णभेद के विषय में महाभारत की सम्मति सुनिए—

एकवर्णमिदं पूर्वं विश्वमासीद् युधिष्ठिर।
कर्मक्रियाविभेदेन चातुर्वर्ण्यं प्रतिष्ठितम्॥
सर्वे वै योनिजा मर्त्याः सर्वे मूत्रपुरीषजाः।
ऐकेन्द्रियेन्द्रियार्थाश्च तस्माच्छीलगुणैर्द्विजः॥
शूद्रोपि शीलसम्पन्नो गुणवान् ब्राह्मणो भवेत्।
ब्राह्मणोपि क्रियाहीनः शूद्रात् प्रत्यवरो भवेत्॥

हे युधिष्ठिर! इस संसार में पहले एक ही वर्ण था। गुण और कर्म में भेद पड़ने से चार वर्ण-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र माने गये। क्या ब्राह्मण, क्या शूद्र सब मनुष्यों की उत्पत्ति मूत्र और पूरीष के स्थान योनि से ही होती है; सब ही मनुष्य मल-मूत्र त्यागते हैं, सब मनुष्यों की इन्द्रिय, वासनायें समान हैं अर्थात् सब खाते हैं, पीते हैं, देखते हैं, सुनते हैं, चखते हैं,

इस संसार में पहले एक ही वर्ण था। पीछे गुण और कर्म भेद के कारण चार वर्ण बने।

इत्येतैः कर्मभिर्व्यस्ताः द्विजा वर्णान्तरं गताः । धर्मोयज्ञक्रिया तेषाँ नित्यंच प्रतिषिध्यते ॥

(महाभारत शान्तिपर्व 188. 14)

कार्य भेद के कारण ब्राह्मण ही पृथक-पृथक वर्णों के हो गये। इसलिए धर्म-कर्म और यज्ञ क्रिया उनके लिए भी विहित हैं और कभी निषेध नहीं किया गया है (अर्थात विद्या तथा धर्म कार्यों पर चारों वर्णों का अधिकार है)।

जातिरिति च न चर्मणो न रक्तस्य न मांसस्य न चास्थिनः । न जातिरात्मनो जातिर्व्यवहारप्रकल्पिता ॥

(निरालम्बोपनिषद 10)

(शरीर के) चर्म, रक्त, मांस, अस्थियों और आत्मा की कोई जाति नहीं होती है। उसकी (मानव, पशु-पक्षी आदि जाति की) प्रकल्पना तो केवल व्यवहार के निमित्त की गई है।

जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् भवेत् द्विजः। वेद- पाठात् भवेत् विप्रः ब्रह्म जानातीति ब्राह्मणः ॥

(स्कंद पुराण खंड 18 पुस्तक VI, नगर कांड, अध्याय 239)

"जन्म से प्रत्येक मनुष्य शूद्र, संस्कारों से द्विज, वेद के पठान-पाठन से विद्वान् और ब्रह्म को जानने से ब्राह्मण कहलाता है। "

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च परन्तप । कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवेर्गुणैः ॥

(भगवद गीता अध्याय 18 श्लोक 41)

"हे परंतप! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र कर्म स्वभाव से उत्पन्न गुणों द्वारा (जन्म से नहीं) विभक्त किये गये हैं। "

गीता 4.13: ***मनुष्यों के गुणों और कर्मों के अनुसार मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना की गयी है। यद्यपि मैं इस व्यवस्था का सृष्टा हूँ किन्तु तुम मुझे अकर्ता और अविनाशी मानो।***

ब्रह्मणस्तु समुत्पनाः सर्वे ते किं नु ब्राह्मणा । न वर्णतो न जनकाद् ब्राह्मतेजः प्रपध्यते ॥

(शुक्रनीति 1. 39)

संपूर्ण जीव ब्रह्म से उत्पन्न होने के कारण ब्राह्मण हो जाते हैं क्या? नहीं, क्योंकि ब्राह्मण-पिता से ब्रह्मतेज की प्राप्ति नहीं हो सकती है, अर्थात ब्राह्मण के घर जन्म लेने से कोई ब्राह्मण नहीं हो जाता है।

कर्मशीलगुणाः पूज्यास्तथा जातिकुले न हि । न जात्या न कुलेनैव श्रेष्ठत्वं प्रतिपद्यते । (शुक्रनीति 2. 55)

अर्थात -मनुष्य कर्मशीलता और गुणो से सम्मानीय और पूज्यनीया होता है किसी विशेष जाति और कुल में जन्म लेने से नहीं । किसी भी जाति कुल में पैदा होने से कोई श्रेष्ठ नहीं होता है।

न जातया ब्राह्मणश्चात्र क्षत्रियो वैश्य एव न ।। न शूद्रो न च वै म्लेच्छो भेदितं गुणकर्मभिः ।। (शुक्रनीति 1. 38)

(इस संसार में कोई भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, योद्धा जाति नहीं है)

वैश्य (व्यापार/व्यवसाय करने वाली जाति) और शूद्र (निम्न जाति) जन्म से लेकिन पर गुणवत्ता (गुण) और कर्म और कर्म (कर्म) का आधार मनुष्य कर्मशीलता और गुणों से सम्मानीय और पूजनीय होता है, किसी विशेष जाति और कुल में जन्म लेने से नहीं। किसी भी जाति कुल में पैदा होने से कोई श्रेष्ठ नहीं होता है।

ब्रह्मणस्तु समुत्पना: सर्वे ते किं नु ब्राह्मणा । न वर्णतो न जनकाद् ब्राह्मतेज: प्रपध्यते ॥ ३९ ॥ (शुक्रनीति -1:39)

अर्थात - संपूर्ण जीव ब्रह्मा से उत्पन्न होने के कारण अब ब्राह्मण होते है क्या ? नहीं क्युकी ब्राह्मण पिता से ब्रह्मतेज की प्राप्ति नहीं हो सकती अर्थात ब्राह्मण के घर जन्म लेने से कोई ब्राह्मण नहीं हो सकता।

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद्दविज उच्यते ।

(स्कन्दपुराण नागरखण्ड - 239.31)

प्रत्येक बालक चाहे किसी भी कुल में उत्पन्न हुआ हो, जन्म से शूद्र ही होता है। जब किसी मनुष्य का जन्म होता है तो वह गुणहीन और अशिक्षित होता है, इसलिए जन्म से प्रत्येक मनुष्य शूद्र ही होता है।

इसके बाद वह कैसे कर्म करता है, इसके आधार पर उसका वर्ण तय होता है।

न योनिनोपि संस्कारो न श्रुतंन च संततिः कारणानि द्विजत्वस्य वृत्तमेव तु कारणम्॥ सर्वोष्य त्राह्मणो लोके वृत्तेन तु विधीयते । वृत्ते स्थितस्तु शुद्रो पि ब्राह्मणत्वं नियच्छति ॥

(महाभारत अनुशासन पर्व 143. 50-51)

भगवान शिव ने कहा है कि 'ब्राह्मणत्व की प्राप्ति न तो जन्म से, न संस्कार से, न शास्त्रज्ञान से और न सन्तति के कारण हो सकती है। ब्राह्मणत्व का प्रधान हेतु तो वैदिक सदाचार ही है। लोक में यह सारा ब्राह्मण समुदाय उसी वैदिक सदाचार से ही अपने पद पर बना हुआ है। वेद के सदाचार में स्थिर रहने वाला शूद्र ब्राह्मणत्व को प्राप्त हो जाता है (अर्थात फिर वह शूद्र नहीं रह जाता है)। '

इसीलिए रामद्रोही रावण ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद भी राक्षस कहलाया और **तुलसीदास जी ने उसे शूद्र ही कहा** है, **जबकि उन्होंने रामभक्त जटायु, वानर आदि को भी विप्र कहा है**। और इसीलिए तुलसीदास जी ने कहा है कि-

पूजहि विप्र ज्ञान-गुण हीना । सूद्र न पूजहि वेद प्रवीणा । ।

रामभक्त और रामद्रोही-

श्रीराम धर्म, मर्यादा और नीति के अवतार हैं। अतः जो कोई भी धर्म, मर्यादा, नीति आदि का उल्लंघन करता है, वह 'रामद्रोही' है और जो इनका अनुसरण करता है, वह 'रामभक्त' है।

भाविताः पूर्णजा तीषु कर्मभिश्चशुभाशुभैः ॥

(वायुपुराण)

सृष्टि के आदिकाल में कर्मों के शुभ या अशुभ होने के अनुसार वर्ण बनाये गये थे।

सवर्ण क्या है- 'सवर्ण' का अर्थ है वर्ण सहित अर्थात् वर्णव्यवस्था के अंतर्गत चारों वर्ण सवर्ण हैं। 'अवर्ण' वह है जो चारों वर्णों से बाहर हो।

दस्यु वे लोग थे जो धर्म को नहीं मानते थे (अर्थात अधर्म करते थे)।

दृश्यते मानुषेषु लोक सर्वे वर्णेषु दस्यवः । ।

(महाभारत शांतिपर्व 65. 23)

अर्थात् - सभी वर्गों में और सभी आश्रमों में दस्यु पाये जाते हैं (अतः 'दस्यु' शब्द किसी वर्ण विशेष का नाम नहीं था।

जाति क्या है?

'जाति' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की 'जनि' धातु से हुई है।

आकृतिर्जातिलिङ्गाख्या (न्याय दर्शन 2. 2.. 65)

अर्थात् - जिन व्यक्तियों की आकृति (इन्द्रियादि) एक समान है, उन सबकी एक जाति है।

वात्स्यायन मुनि इसके भाष्य में कहते हैं-

या समानां बुद्धिम प्रसूते भिन्नेष्वधिकरणेषु यया बहूनीतरेतरतो न व्यावर्तन्ते, योऽर्थोऽनेकत्र प्रत्ययानुवृत्तिनिमित्तं तत् सामान्यम्। यच्च केषाधिद भेदं कुतश्चिद्भेदं करोति तत् सामान्य विषा जातिरिति ।

अर्थात् - भिन्न-भिन्न वस्तुओं में समानता उत्पन्न करने वाली जाति है। इस जाति के आधार पर अनेक वस्तुयें आपस में पृथक नहीं होती हैं अर्थात् एक ही नाम से बोली जाती हैं, जैसे गायें कितनी ही प्रकार की हों, तो भी सबको गाय ही कहते हैं।

वर्णाकृत्यादिभेदानां देहेऽस्मिन्नप्यदर्शनात्। ब्राहमण्यादिषु शूद्राद्यैर्गर्भाधानप्रदर्शनात् ॥ नास्ति जातिकृतो भेदो मनुष्याणां गवाश्ववत् । आकृतिग्रहणात्तस्मादन्यथा परिकल्प्यते ॥

(महापुराण 74. 491-495)

मनुष्यों के शरीरों में न कोई आकृति भेद है और न ही गाय और घोड़े की भांति उनमें कोई जाति भेद है। आकृतिका भेद न होने से मनुष्य में जाति भेद की कल्पना व्यर्थ है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी ऐसे जीवों के समूह को एक 'जाति' कहा जाता है जो एक-दूसरे के साथ संतान उत्पन्न करने की क्षमता रखते हों, और जिनकी संतान स्वयं आगे संतान जनने की क्षमता रखती हो। उदाहरण के लिए, एक घोड़ी और बैल आपस में बच्चा पैदा नहीं कर सकते, इसलिए वे अलग जातियों के माने जाते हैं।

समानप्रसवात्मिका जातिः (न्याय दर्शन 2. 2. 19)

अर्थात् - समान प्रसव हों, वह जाति कहलाती है।

जाति व्यवस्था ईश्वर द्वारा बनाई हुई है। हम सब मनुष्य जाति के हैं। इसी प्रकार घोड़े, गाय, बैल, कुत्ते इत्यादि की अलग-अलग जाति हैं।

शरीरस्य न संस्कारों जायते न च कर्मणः । आत्मनः कारयेदीक्षामनादिकुलकुण्डलीम् ॥ (कुलार्णव तंत्र 14. 81)

शरीर का न तो संस्कार होता है न उसकी कोई जाति होती है न कोई कर्म। आत्मा की ही दीक्षा होती है जो कि अनादि कुलकुंडली है।

गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थिताः । प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते ॥ (चाणक्य नीति 17। 6)

व्यक्ति को महत्ता उसके गुण प्रदान करते हैं, वह नहीं जिन पदों पर वह काम करता है। क्या एक ऊँचे भवन पर बैठे कौवे को गरुड़ कहा जा सकता है?

लंका का राजा रावण पुलस्त्य ऋषि के वंश में उत्पन्न होने के कारण ब्राह्मणोपेत क्षत्रिय था। अन्यायी और दुराचारी होने के कारण उसे 'राक्षस' घोषित किया गया

(वाल्मीकि रामायण - बालकांड एवं उत्तरकांड)

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि वैज्ञानिक आधार पर या शारीरिक आधार पर हम सब प्राणियों में जो असमानताएं हैं, उसे जाति कहते हैं। जो जिस जाति में उत्पन्न हुआ है, उसे बदला नहीं जा सकता है, क्योंकि वह प्रकृति प्रदत्त है। जैसे मनुष्य जाति, पशु जाति आदि। इसके बाद पुरुष जाति, नारी जाति, गाय की प्रजाति, घोड़े की प्रजाति, कुत्ते की प्रजाति आदि।

चूंकि शारीरिक आधार पर तो मनुष्य में कोई भेद नहीं है, लेकिन गुण, कर्म, रुचि, योग्यता, व्यवहार, आचरण, अच्छाई, बुराई आदि के आधार तो अनेक भेद हैं। यहां तक कि एक ही परिवार के सभी सदस्य एक-दूसरे के जैसे नहीं होते। इन्हीं के आधार पर मनुष्य में कई भेद हैं, जिसे चार वर्णों में बाँट दिया गया है। ये प्रकृति प्रदत्त नहीं है, अतः इन्हें बदला जा सकता है।

वर्ण व्यवस्था में वर्णों का निर्धारण गुण, कर्म, योग्यता, आचरण आदि होते हैं। वर्णव्यवस्था में जन्म का कोई महत्त्व नहीं होता, जबकि जातिव्यवस्था जन्म पर आधारित है। वर्णव्यवस्था का निर्धारण मनुष्य के अपने कर्मों द्वारा होता है, अतः किसी भी कुल में उत्पन्न हुए बालक या बालिका या कोई भी व्यक्ति अपनी रुचि, गुण, कर्म और योग्यता के आधार पर किसी भी इच्छित वर्ण को ग्रहण कर सकता है, जबकि जातिव्यवस्था में जाति का निर्धारण माता-पिता से होने के कारण व्यक्ति किसी अन्य जाति को ग्रहण नहीं कर सकता है।

क्या शूद्रों के वेदपाठ करने या यज्ञादि करने पर रोक थी?

आज कई विद्वानों के भाष्य तथा कुछ शास्त्रों में ऐसा उल्लेख देखने को मिलता है कि यदि शूद्र और स्त्री वेदाध्ययन करें तो उसे कठोर दंड दिया जाए, लेकिन यह सब प्रक्षिप्त हैं, क्योंकि ये वेद विरोधी हैं।

मध्वाचार्य ने महाभाष्य करते हुए संकेत किया था कि शास्त्र वही है, जो वैदिक ग्रंथों से विरोधाभास न करें, और यदि कोई करता है तो उस भाग को प्रक्षिप्त ही माना जाएगा। ।

ऋग्यजुःसामाथर्वाश्च भारतं पञ्चरात्रकम् । मूलरामायणञ्चैव शास्त्रमित्याभिधीयते । यच्चानुकूलमेतस्य तच्च शास्त्रं प्रकीर्तितम् ॥
(ब्रह्मसूत्र 1. 1. 3 पर मध्वाचार्य का भाष्य)

अर्थात् - श्रीमाध्वाचार्य कहते हैं- "चारों वेदों, महाभारत, पञ्चरात्र तथा मूल वाल्मीकी रामायण को शास्त्र कहते हैं। जो इनके अनुकूल हों (अर्थात् जिनसे उक्त ग्रन्थों के अर्थों का विरोध न हो), उन्हें भी शास्त्र कहते हैं।"

श्रावयेच्चतुरोवर्णान् (महाभारत शांतिपर्व 327. 48)

अर्थात् - 'चारों वर्णों को वेद पढ़ायें। '

धर्मो यज्ञक्रिया तेषां नित्यं न प्रतिषिध्यते । इत्येते चतुरो वर्णाः येषां ब्राह्मी सरस्वती ॥ (महाभारत शान्तिपर्व 188. 15)

वर्णान्तर प्राप्त जनों के लिए यज्ञक्रिया और धर्मानुष्ठान का निषेध कदापि नहीं है। वेदवाणी चारों वर्ण वालों के लिए है।

चत्वारो वर्णाः यज्ञमिमं वहन्ति॥ **(महाभारत वनपर्व 134. 11)**

अर्थात् - 'चारों वर्ण इस यज्ञ का संपादन कर रहे हैं। '

ब्राह्मणाः क्षत्रियाः वैश्याः मध्ये शूद्राश्च भागशः॥ पुरुषैर्यज्ञपुरुषो जबू द्वीपे सदेज्यते ॥ (विष्णुपुराण 2. 3. 9, 21)

जम्बू द्वीप (भारतवर्ष) में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र साथ-साथ निवास करते हैं। उन चारों वर्णों के पुरुषों द्वारा परमात्मा का सदा यज्ञ के द्वारा यजन किया जाता है।

शूद्रः पैजवनो नाम सहस्राणां शतं ददौ । ऐन्द्राग्नेन विधानेन दक्षिणामिति नः श्रुतम् ॥ (महाभारत शान्तिपर्व 60. 38)

"हमने सुना है कि पैजवन नामक शूद्र ने ऐन्द्राग्नेय विधान से यज्ञ करके एक लाख दक्षिणा दी थीं। "

श्रीमहाभारत वनपर्व अध्याय 180. 20-38

सर्प उवाच

ब्राह्मण: को भवेदराजन वेद्यं किम च युधिष्ठिर

बर्वीह्यतिमतिम त्वां हि वाक्यैरनूमिमीमहे \\२०

सर्प बोला रजा युधिष्ठिर ! यह बताओ की ब्रह्मण कौन है और उसके लिए जाननेयोग्य तत्त्व क्या है? तुम्हारी बातें सुनने से मुझे ऐसा अनुमान होता है की तुम अतिशय बुद्धिमान हो \\२०\\

युधिष्ठिर उवाच

सत्यम दानं क्षमा शील्मांरिशंस्यम तपो घृणा

द्दश्यन्ते यत्र नागेन्द्र स ब्रह्मण इति स्मृत:

युधिष्ठिर ने कहा - नागराज! जिसमें सत्य, दान, क्षमा, सुशीलता, क्रूरता, अभाव, तपस्या और दया - से सद्गुण दिखाई दे, वाही ब्रहमण कहा गया है

युधिष्ठिर उवाच

शूद्रे तु यद् भवेल्लक्ष्म द्विजे तच्च न विद्यते

न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राहमणो न च ब्राहमणः ।। २५ ।।

यत्रेतल्लक्ष्यते सर्प वृत्तं स ब्राहमणः स्मृतः ।

यत्रैतन्न भवेत् सर्प तं शूद्रमिति निर्दिशेत् ।। २६ ॥

युधिष्ठिरने कहा–यदि शूद्रमें सत्य आदि उपर्युक्त लक्षण हैं और ब्राहमणमें नहीं हैं तो वह शूद्र शूद्र नहीं है और वह ब्राहमण ब्राहमण नहीं है। सर्प ! जिसमें ये सत्य आदि लक्षण मौजूद हों, वह ब्राहमण माना गया है और जिसमें इन लक्षणोंका अभाव हो, उसे शूद्र कहना चाहिये ।। २५-२६ ।

युधिष्ठिर उवाच

सर्वे सर्वास्वपत्यानि जनयन्ति सदा नराः ।

वाङ्मैथुनमथो जन्म मरणं च समं नृणाम् ।। ३२ ।।

इदमार्षं प्रमाणं च ये यजामह इत्यपि ।

तस्माच्छीलं प्रधानेष्टं विदुर्ये तत्त्वदर्शिनः ।। ३३ ।।

सभी मनुष्य सदा सब जातियों की स्त्रियों से संतान उत्पन्न कर रहे हैं। वाणी, मैथुन तथा जन्म और मरण - ये सब मनुष्यों में एक-से देखे जाते हैं। इस विषयमें यह आर्ष प्रमाण भी मिलता है–'ये यजामहे' यह श्रुति जाति का निश्चय न होने के कारण ही जो हमलोग यज्ञ कर रहे हैं, ऐसा सामान्यरूप से निर्देश करती है। इसलिये जो तत्त्वदर्शी विद्वान् हैं, वे शील को ही प्रधानता देते हैं और उसे ही अभीष्ट मानते हैं ।। ३२-३३ ।

युधिष्ठिर उवाच

तावच्छूद्रसमो ह्येष यावद् वेदे न जायते ।

तस्मिन्नेवं मतिद्वैधे मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ।। ३५ ।।

कृतकृत्याः पुनर्वर्णा यदि वृत्तं न विद्यते ।

संकरस्त्वत्र नागेन्द्र बलवान् प्रसमीक्षितः ।। ३६ ।।

जब तक बालक का संस्कार करके उसे वेद का स्वाध्याय न कराया जाय, तब तक वह शूद्र ही के समान है। जाति विषयक संदेह होने पर स्वायम्भुव मनु ने यही निर्णय दिया है।

नागराज! यदि वैदिक संस्कार करके वेदाध्ययन करने पर भी ब्राह्मणादि वर्णों में अपेक्षित शील और सदाचारका उदय नहीं हुआ तो उसमें प्रबल वर्णसंकरता है, ऐसा विचारपूर्वक निश्चय किया गया है ।

युधिष्ठिर उवाच

यत्रेदानीं महासर्प संस्कृतं वृत्तमिष्यते ।

तं ब्राह्मणमहं पूर्वमुक्तवान् भुजगोत्तम ।। ३७ ॥

महासर्प! भुजंगमप्रवर! इस समय जिसमें संस्कार के साथ-साथ सदाचार की उपलब्धि हो, वही ब्राह्मण है। यह बात मैं पहले ही बता चुका हूँ ।। ३७ ।।

सर्प उवाच

श्रुतं विदितवेद्यस्य तव वाक्यं युधिष्ठिर ।

भक्षयेयमहं कस्माद् भ्रातरं ते वृकोदरम् ।। ३८ ।।

सर्प बोला- युधिष्ठिर! तुम जाननेयोग्य सभी बातें जानते हो। मैंने तुम्हारी बात अच्छी तरह सुन ली। अब मैं तुम्हारे भाई भीमसेनको कैसे खा सकता हूँ? ||38||

सूत कौन होते थे?

सूत समाज के माननीय सदस्य होते थे। वे योद्धा, सारथी, राजा, सलाहकार, कथाकार कुछ भी हो सकते थे। ये बहुत अच्छे सारथी होते थे। उस समय का सारथी आज के किसी ड्राइवर की तरह नहीं होता था। वह अपने रथी का मित्र और शुभचिंतक भी होता था। क्षत्रिय राजकुमार भी किसी पराक्रमी योद्धा का सारथी बनने में गर्व महसूस करते थे। युधिष्ठिर के सारथी इंद्रसेन क्षत्रिय थे, और भीम का सारथी विशोक श्रीकृष्ण के पुत्र थे।

सूतों को क्षत्रियों की ही श्रेणी में रखा जाता था। उस समय अन्य कई प्रसिद्ध सूत थे, जैसे विराट की रानी का भाई कीचक, कैकेय देश का राजपरिवार इत्यादि। महाभारत की कथा को नैमिषारण्य के ब्राह्मणों को सुनाने का कार्य भी एक सूत पुत्र उग्रश्रवा जी (लोमहर्षण जी के पुत्र) ने किया था और सभी ब्राह्मण, यहां तक कि ब्रह्मर्षि भी उनका बहुत सम्मान करते थे।

आजकल यह जो खूब प्रचारित किया जाता है कि महाभारत के समय भारत में जाति व्यवस्था थी, द्रौपदी ने अपने स्वयंवर में कर्ण को सूतपुत्र' कहकर उसे अपमानित किया था, साथ ही उसे धनुष उठाने से मना कर दिया था, द्रोणाचार्य ने कर्ण को विद्या देने से मना कर दिया था, महाभारत के युद्ध का मुख्य कारण द्रौपदी की हंसी थी, एकलव्य का अंगूठा वर्ण व्यवस्था के आधार पर कटवाया गया था । । । । आदि विवादित विषय हैं, क्योंकि इन्हें लेकर अलग-अलग पांडुलिपियों में अलग-अलग तथ्य देखने को मिलते हैं।

यत्कर्णशल्यप्रमुखैः पार्थिवैर्लोकविश्रुतैः ।
नानतं बलवद्भिर्हि धनुर्वेदपरायणैः ॥ ४ ॥
तत्कथं त्वकृतास्त्रेण प्राणतो दुर्बलीयसा ।
बटुमात्रेण शक्यं हि सज्यं कर्तुं धनुर्द्विजाः ॥ ५ ॥

हे द्विजगण ! जो धनुष धनुर्वेदमें पण्डित, बलवान, कर्ण और शल्य आदि लोकोंमें प्रशंसित राजाओंके द्वारा नहीं झुकाया जा सका। अस्त्रविद्याको न जाननेवाले, शक्तिमें दुर्बल एक बटु उस धनुष पर डोरी कैसे चढा सकेगा ॥ ४–५ ॥

सूतपुत्रश्च राधेयो गुरुं द्रोणमियात्तदा ।
स्पर्धमानस्तु पार्थेन सूतपुत्रोऽत्यमर्षणः ।
दुर्योधनमुपाश्रित्य पाण्डवानत्यमन्यत ॥ ४७ ॥

॥ इति श्रीमहाभारते आदिपर्वणि द्वाविंशत्यधिकशततमोऽध्यायः ॥ १२२ ॥ ४४०२ ॥

तब राधाकुमार सूतपुत्र कर्ण भी द्रोणाचार्यके शिष्य बने। सूतपुत्र कर्ण अति द्वेषयुक्त होकर अर्जुनसे स्पर्धा करता हुआ दुर्योधनका सहारा लेकर पाण्डवोंका अनादर करने लगे ॥४७॥

॥ महाभारतके आदिपर्वमें एकसौ बाइसवां अध्याय समाप्त ॥ १२२ ॥ ४४०२ ॥

चंडाल का शुद्धिकरण

पद्मपुराण/ खंड: 6 (उत्तरकाण्ड:)/ अध्याय: 29/14-15

आचान्डालाद्विशुद्यति तिलक्स्यैव धारणात स च विष्णुसमो ज्ञयो नात्र कार्याविचारणा

अर्थ वैष्णव चिन्हों को धारण करके चंडाल स्वयं महाविष्णु के सामान होता है

पद्मपुराण/खंड: ७ (क्रियाखंड)/अध्याय: 16/5

अव्याजेन यदा विष्णु: श्वपाकेनापी पूज्यते तदा पश्येत्तंप्येवं चतुर्वेद्द्विजाधिकम

एक वैष्णव चंडाल चारो वेदों के पंडित हुये ब्राह्मण से कही अधिक सम्माननीय है

चंडाल अर्थात शव दाह क्रिया करने वाले। राजा हरिश्चंद्र को भी भाग्य के कारण एक समय चांडाल के कार्य को करना पड़ा, श्री राम इन्ही के वंशज भी हैं

वह भी यह वैष्णव ही है - जिन पुराणों से कूट कूट कर प्रेम करते हो, तो उनकी नहीं मानेगे क्या 😎😉😋😌

<u>यहाँ जाति का खंड समाप्त हुआ, अब शास्त्र में स्वयंवर के प्रमाण देखिये</u>

वेद के कई मंत्र स्पष्ट रूप से स्त्रियों से प्रथम पुरुष(first person) में उपदेश करते है, यही नहीं इश्वर स्त्रियों के लिए भूगोल, विमानचालक आदि शिक्षा करने के मंत्र भी देता है अतः इश्वर ने स्त्रीयों को भी बुद्धि दी है। वेद मंत्रो की शाखाओं और वेद मन्त्रों के अर्थ प्रकट करने वाली कई ऋषिकाएं भी पृथ्वी पर हुई जिन्होंने ब्राह्मणों से भी शास्त्रार्थ किया। यहाँ भी वेद से देखिये स्वयंवर विवाह के प्रमाण

यत्सुपेशा: स्वयं सा मित्रं वनुते जने चित् ॥

(ऋग्वेद मण्डल 10, सूक्त 27, मन्त्र 12)

वह वधू भाग्यशालिनी है, जो वधू को चाहनेवाले वर की प्रशंसाभाजन अन्य वस्तुओं द्वारा सन्तुष्ट रहती है और सुभूषित हुई जनसमुदाय में वर को वरती है

अब यहाँ कोई 'वर', 'वरण' पर तर्क करे तो मुर्खता है। उर्पयुक्त सभी जानकारी उपर 'वर्णो वृणोति' यास्क के निरुक्त से दे ही दिया था जो की पाणिनि की व्याकरण से भी प्राचीन सिद्ध है

आछाद्‌य चार्चयित्वा च श्रुतिशीलवते स्वयं आहूय दानं कन्याया ब्राह्मो धर्मः प्रकीर्तित॥ (मनुस्मृति 3. 27) 😊

(श्रुति शीलवते) वेदों के विद्‌वान् और उत्तम स्वभाव के सदाचारी वर को (स्वयं आहूय) कन्या की सहमती से विवाह के लिए अपने यहाँ निमंत्रित करके, माता-पिता द्‌वारा (आछाद्‌य च अर्चयित्वा) कन्या को वस्त्र- आभूषण से अलंकृत करके सत्कारपूर्वक (कन्याया दानं) विवाह संस्कार पूर्वक कन्या प्रदान करना, ब्राह्मः धर्मः प्रकीर्तितः) 'ब्रहि्म्ववाह' की विधि कही गयी है।

त्रीणि वर्षाण्युदीक्षेत कुमार्य्रतुमति सती| ऊर्ध्वंतुम कालादेतस्माद विन्देत सदृशं पतिम ||10|| (मनुस्मृति नवम अध्याय श्लोक 90)

(कुमारी) कन्या (ऋतुमती सती) रजस्वाला हो जाने पर (एतस्मात कलात + ऊर्ध्वम) इस समय के बाद (त्रीणि वर्षाणि + ऊदीक्षेत) तीन वर्षों की प्रतीक्षा करें, तदनंतर (सदृशं पतिम विन्देत) अपने योग्य पति का वरण करे ||90||

अदीयमाना भतरि मधिगच्छेद यदि स्वयं, नैनः किंचिदवाप्नोति न च य साऽधीगच्छेति ||91|| (मनुस्मृति नवम अध्याय श्लोक 91)

(अदीयमाना) पिता आदि अभिभावक के द्‌वारा विवाह न करने पर (यदि स्वयं भरतारम + अधिगच्छेत) जो कन्या यदि स्वयं पति का वरण कर ले तो (किंचित एनः न अवाप्नोति) वह कन्या किसी पाप- अपराध की भागी नहीं होती (च) और (न स अधिगच्छति) न उसे कोई पाप-दोष या अपराध होता है जिस पति को यह वरण करती है ||91||

तदध्यास्योद्‌वहेद्‌भार्याम सवर्णा लक्षणान्विताम | कुले महति संभूतां हृदयाम रूप्गुणान्विताम ||77|| (मनुस्मृति सप्तामाध्याया श्लोक 77)

उस आवास में निवास करके, अपने वर्ण की शिक्षा दीक्षा प्राप्त करके सवर्णा अर्थात सामान वर्ण की हो उत्तम लक्षणों से युक्त हो, जो हृदय को भी प्यारी

हो- अर्थात जिसे स्वयं भी पसंद किया हो, सुन्दर और रूपवाली एसी भार्या को विवाह करके लाये ||77||

मनु ने राजोचित सदाचार का प्रतिपादन करने वाले दो श्लोक कहे हैं, जो स्मृतियों में सुने जाते हैं और जिन्हें धर्मपालन में कुशल पुरुषों ने सदर स्वीकार किया। जिन्हें स्वयं मै भी अनुसरण करता और इस प्रकार मेरा यह बर्ताव हुआ।

सत्यमेवेश्वरो लोके सत्यं पद्माश्रिता सदा। सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम्।। (बाल्मीकि रामायण 2.109.13)

सत्य ही ईश्वर है। धन की देवी हमेशा सत्य की शरण लेती हैं। सत्य हर चीज की जड़ है। यह सर्वोच्च है और इसके ऊपर कुछ भी नहीं है।

रामो द्विर्नाभिभाषते॥६२॥

(अध्यात्म रामायणम 3.62 में श्री राम)

राम दो प्रकार की बात नहीं कहता।

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ।।

(ब्रह्मवैवर्तपुराण १/४४/७४)

(देवीभागवतपुराणम् ३/२५/६)

(नारदपुराणम्- उत्तरार्धः/अध्यायः २९ / २९-१८)

यह श्लोक कहता है कि तुम्हें अपने कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ेगा, चाहे तुम पाप करो या पुण्य, तुम्हारा कोई भी कर्म माफ नहीं किया जाएगा, तुम्हें हर कर्म का फल भोगना ही पड़ेगा। कुछ लोग क्षमा कर सकते हैं, परन्तु वह, जो समस्त दृश्य और अदृश्य जगत का कारण और रचयिता है, क्षमा नहीं करेगा।

(क्योंकि यदि ईश्वर ऐसा करता है, तो वह उन लोगों के लिए पापी है जिनके साथ अन्याय हुआ है, लेकिन वह अपने अनुयायियों के लिए उदार है)

।।जय श्री राम।।

इतिद्वितियापाठः

****

जाति और विवाह की मिश्रित मान्यताओं का इतिहास

[महाभारत से वर्तमान काल]

[अन्वेषक]

खंड:३

जाति और विवाह की मिश्रित मान्यताओं का इतिहास

महाभारत काल में जैसा विदित है स्त्रियों की इच्छा ही से विवाह होता था, पर जब महाभारत युद्ध के बाद सारे देश की सेनायें ख़त्म हो गयी थी तो धर्म की रक्षा तो कोई क्या करता उल्टा ही होने लगा वे सेनायें कौन थी? महाभारत युद्ध में भाग लेने वाले नगरों के नाम निम्नलिखित-

पांडवों में से-

पांडव सेना 7 अक्षौहिणी का एक गठबंधन है, मुख्य रूप से पांचाल और मत्स्य सेना, भीम के पुत्र, घटोत्कच और वृष्णि-यादव नायकों की राक्षस सेना।

1. कुंतीभोज, कुंती साम्राज्य(कोटा😂) के राजा - 1 अक्षौहिणी
2. आरंभिक पांड्यों(तमिलनाडु का मदुरै) के राजा मलयध्वज के पास पांड्यों, चोलों और चेरों की संयुक्त सशस्त्र सेना थी- 1 अक्षौहिणी
3. चेदिस के राजा धृष्टकेतु - 1 अक्षौहिणी
4. मगध(राजगृह) के जरासंध का पुत्र सहदेव - 1 अक्षौहिणी (मगध से)
5. पांचाल नरेश द्रुपद(उत्तरप्रदेश का मैनपुरी) अपने पुत्रों सहित - 1 अक्षौहिणी
6. मत्स्य(जयपुर) के राजा विराट - 1 अक्षौहिणी
7. घटोत्कच और अन्य सहयोगी(सिवी साम्राज्य (पाकिस्तान का बहावलपुर), काशी (काशी), केकेया साम्राज्य (पाकिस्तान का शोरकोट) - 1 अक्षौहिणी

कौरव सेना-

1. भगदत्त, प्राग्ज्योतिष साम्राज्य का राजा - 1 अक्षौहिणी

2. मद्र (माद्री) के राजा शल्य - 1 अक्षौहिणी
3. भूरिश्रवा, बहलिका साम्राज्य के राजकुमार और राजा बहलिका के पोते (महाभारत) - 1 अक्षौहिणी
4. कृतवर्मा (जो कृष्ण की नारायणी सेना का नेतृत्व करता है जिसमें युद्ध से पहले अंधक, वृष्णि, कुकुरा, भोज और शैन्य के यादव वंश शामिल थे) - 1 अक्षौहिणी
5. जयद्रथ (सिंधु साम्राज्य का राजा) - 1 अक्षौहिणी
6. कंभोज के राजा सुदक्षिण - 1 अक्षौहिणी (उनके सैनिकों में यवन और शक थे)
7. अंग का राजा कर्ण - 1 अक्षौहिणी
8. कलिंग सेना - 1 अक्षौहिणी
9. गांधार का शकुनि - 1 अक्षौहिणी
10. त्रिगर्त के सुशर्मा - 1 अक्षौहिणी
11. कौरव और अन्य सहयोगी - 1 अक्षौहिणी

इनमे जो **G है वह गूआनीन, जो C है वह साएटोसीन, जो A है वह एडीनाइन, जो T है वह थाईमीन है**. जो वंशानुगत बदलाव हर पीढी में होता है वह दरअसल कुछ नहीं केवल इन **गूआनीन, साएटोसीन, एडीनाइन, थाईमीन** सूत्रों के जमाव में अंतर को कहा जाता है, सो यह भी **रसायनिक(chemical)** प्रक्रिया के रूप में प्राकृतिक ही होता है. और परिवर्तन भी कितना? सभी मनुष्यों के केवल उस मूल का 0.1 प्रतिशत परिवर्तित होता है. कोई कहे हमारा बीज बिगड़ता है तो यह जान ले माता- पिता के गुणसूत्रों के मेल से नया शरीर जो बनता है उसके भी केवल 0.1 प्रतिशत में भेद होता है अन्य 99.9% वही सब मनुष्यों की जो मूल संहिता है वही रहती है.

सन्दर्भ :Why Is Everyone's DNA Different? Let's Know! (onlyzoology.com)

फिर कोई प्रश्न करे की बच्चे तो अक्सर माता पिता से ही मेल खाते हैं तो हम बीज का पीढी में बढ़ना क्यूँ न माने?

बीज की अवधारणा गलत है, पूर्व में भी कह आये हैं की केवल रासायनिक जमाव बदलने का कार्य विविधता को जन्म देता हैं. माता पिता से संतान के गुण कर्म इसलिए मिलते हैं क्यंकि संतान में उनके गुण, कर्म, शरीर और अंग की संहिता के योगदान का औसत भाग बाकी सभी मनुष्यों से अधिक होता है इसलिए एसा है, पर कोई ईएसआई बात नै है की संतानोत्पत्ति में कोई किसी की निशानी लेकर चल रहा है.

Guanine

Cytosine

Thymine

Adenine

न्युक्लियोटाइड/Nucleotides

विषय पर आते हैं- संसार में यह द्रव्य इतना छोटा है की किसी प्रकार का गंद या मिलावट इसकी नहीं हो सकती. इसमें यह CO_2(carbon dioxide), H_2O(पानी) यह सब अणु है और इनमे विभक्त H(hydrogen), N(nitrogen), C(carbon) परमाणु हैं, चित्र से समझिये:

परमाणु अत्यंत छोटे होते हैं, आमतौर पर लगभग 100 पिकोमीटर व्यास के होते हैं

दूसरी ओर, अधिकांश पौधे और पशु कोशिकाएं माइक्रोस्कोप के नीचे केवल 1 और 100 माइक्रोमीटर के बीच के आयामों के साथ दिखाई देती हैं

इसलिए, यदि हम एक परमाणु के आकार की तुलना एक कोशिका से करें, तो एक कोशिका एक परमाणु से लगभग 10,000 से 1,000,000 गुना बड़ी होती है। यह एक महत्वपूर्ण आकार अंतर है! यह एक फुटबॉल के आकार की तुलना एक शहर के आकार से करने जैसा है। यह पैमाने का अंतर है जो कोशिकाओं को अरबों या खरबों परमाणुओं से बना होने की अनुमति देता है, जिनमें से प्रत्येक कोशिका की संरचना और कार्य में योगदान देता है।

Cell size - Cell structure - AQA - GCSE Biology (Single Science) Revision - AQA - BBC Bitesize

(क्रम की सूक्ष्मता को इस प्रकार समझिये)

'>' को **'से सूक्ष्म'** पढ़िए

समाज > मन > शरीर > रसायन > भौतिक > गणित

Society > Psychology > Biology > Chemistry > Physics > Mathematics

समाज के प्रत्येक वर्ग का सबसे सूक्ष्म खंड है मानव, सामाजिक क्रिया का मूल है मनोवृत्ति, जैसे सजातीय विवाह, इसका अध्ययन मनोविज्ञान है, मन और बुद्धि का जड़ रूप मस्तिष्क और शरीर है, जिसका विषय जीवविज्ञान है. जीव(आत्मा) के शरीर का सबसे छोटा खंड कोशिका है जिसमे सारी क्रिया का कारण रासायनिक है. DNA के अन्दर शरीर के भिन्न कार्य और व्यवस्था की सम्हिता होती है जिससे शरीर के भिन्न विभिन्न ढांचे, हड्डियाँ, मांसपेशियां, हार्मोन, हाथ, पैर, पूँछ, नाख़ून का क्या कार्य होगा और क्या व्यवस्था होगी इसका निश्चय यही D.N.A. करता है. इस DNA का मूल नियुक्लियोटाइड है जिसका चित्र ऊपर दिया हुआ है. यह अणुओं का गठर बनके DNA का कार्य करता है. पर मूल इसका अणु है जो रासायनिक शास्त्र का विषय है, अस्तु रसायन या अणु तो पदार्थ की अंतिम स्थिति है. दरअसल, अणु में प्रोटोन, न्युटरोन और इलेक्ट्रान अवश्य है पर इनका और अणु का मूल बताना अत्यधिक जटिल है जो आधुनिक युग में भी बताना कठिन है जिसका ठोस ज्ञान नहीं है, केवल कल्पनाएँ थियोरी ही है उनका बताना व्यर्थ है, तो इतना कहकर आगे बढ़ते हैं की पदार्थ के सबसे सूक्ष्म कण अणु की भिन्न, भिन्न्तर और भिन्नतम क्रियायें भौतिकी के नियमों का विषय है. और भौतिकी कोई पढ़े तो जाने गणित का महत्व. सारा विज्ञानं गणित पर आकर ख़तम हो जाता है

गैलीलियो गैलीली इटली का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री, भौतिक विज्ञानी और इंजीनियर कहता है, "गणित वह वर्णमाला है जिसके साथ भगवान ने ब्रह्मांड को लिखा है."

कार्ल फ्रेडरिक गॉस एक जर्मन गणितज्ञ, भूगणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी कहता है- “भौतिकी विज्ञान का राजा और गणित रानी.”

विज्ञानं ही नहीं गणित का खेल वित्त में भी है, कला में भी सटीकमापी होना आवश्यक है,

यहाँ तक की ‘जीवन का गणित बिगड़ना’ एक मुहावरा भी है 😂 जिसका अर्थ होता है कि जीवन में सब कुछ उलट-पुलट हो जाना, यानी कि जीवन की समस्याओं को समझने में असमर्थ होना। 😂

विषय पर वापस आते है, बीज का माप कोशिका तक का है जो जीवविज्ञान में आ जाता है. पर बदलाव सिर्फ गुणसूत्रों के DNA में रखे रसायन के भी सिर्फ क्रम में होआ

है. और इससे वंश में केवल गुण बदलते हैं, हालांकि यह सही है की माता पिता के गुण ही शिशु में आते हैं, पर वीर्यशुल्क से वह वंश उन्नत भी हो सकता है, और वीर्य किसी जाति का गुलाम नहीं. जो आत्मा के संयम में रहकर जीवन को ईश्वर प्रभु भक्ति और वेद स्वाध्याय कर ईश्वर के कहे रास्ते पर चलते हैं वे उनका शरीर और मस्तिष्क ही सही माप में पवित्र है अन्य तो सब खोखले मत है

यह उस बीज से भी बहुत गुना छोटा है जिसे आप बचाना चाहते हैं, प्रत्युत पूर्व से सत्यापित किया है परिवर्तन केवल गुणसूत्रों में होता है,

प्रश्न: हमने भी तो वही कहा की हमारे बीज में ये सूत्र अंतरजातीय विवाह से बदल जाते हैं! इसका उत्तर दो?

उत्तर: जो वस्तु जड़ है, रसायन मात्र है, जिसके प्राकृतिक जैविक प्रजनन प्रक्रिया से शरीर या स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का असर नहीं होता, केवल उन रसायन का क्रम बदल जात है, कम क्रिया अगर अधिक माप पर हो तो शरीर में अंतिम क्रिया भी अत्यधिक जाती है.

और अगर सोचते हों की हर पीढी के साथ यह DNA सजातीय विवाह करने से एक ही रहता है तो यह भी पूर्ण सत्य नहीं- किसी व्यक्ति के जीवनकाल के दौरान डीएनए बदलता है। यह एक प्रक्रिया के कारण होता है जिसे **एपिजेनेटिक चेंजिस(epigenetic changes)** के रूप में जाना जाता है, जो रासायनिक विविधताएं हैं जो आनुवंशिक जानकारी को प्रभावित किए बिना जीन को विनियमित करने में मदद करती हैं। इन परिवर्तनों में अक्सर डीएनए संरचना में रासायनिक यौगिकों का शामिल होना होता है जो जीन को चालू और बंद करने के लिए ट्रिगर के रूप में काम करते हैं।

इसके अलावा, **जीवनशैली विकल्प** और विभिन्न पर्यावरणीय कारक भी आपके DNA को बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, विशेष रूप से विकिरण, गामा और एक्स-रे, डीएनए को बाधित करने, ख़राब करने और कभी-कभी उत्परिवर्तन करने का बहुत भयंकर काम करते हैं।

विज्ञानिक प्रक्रिया में कोशिकाओं के केंद्रक में 46 गुणसूत्र होते हैं, जिनमें 3 अरब **न्यूक्लियोटाइड** होते हैं। जब एक्स(कन्या करने वाला) गुणसूत्र को शामिल किया जाता है, तो **अगुणित(haploid) जीनोम** के 3,054,815,472 आधार जोड़े होते हैं, और जब Y(लड़का करने वाला) गुणसूत्र को X गुणसूत्र के साथ प्रतिस्थापित किया जाता है, तो 2,963,015,935 आधार जोड़े होते हैं।

और इसके अन्दर अतिसूक्ष्म डीएनए जो शरीर के लिए विशिष्ट **संहिता(gene-code)** करता है जो सबमें एक ही है, एक केवल गुणसूत्र बदलता है जो रसायन के माप का खंड है. और यदि गुणसूत्र बदल भी जाए तो अमिनो-प्रोटीन सबकी कोशिका में एक ही बनता है,

सिद्धांत को इस प्रकार समझे की छोटी गतिविधियाँ भी जब बहुत-अत्यधिक माप पर होती है तो अंत की क्रिया का माप भी बहुत अधिक होता है,

उदाहरण 1 दीमक कीट छोटा होता है पर संख्या बल पर बड़े से बड़े वृक्ष की जड़े खोखली कर देता है.

उदाहरण 2 यह तो प्रत्यक्ष दृष्टान्त है की वैज्ञानिकों ने एक चींटीयों की पहाड़ी में 10 टन सीमेंट डाला। हफ्तों की खुदाई के बाद, कॉलोनी की जटिल और प्रभावशाली

संरचना का पता चला।

चीटियाँ द्वारा निकली गयी 10 टन मिटटी

शरीरों की भिन्नत बनावट को देखकर लगता है की पुरुष के जनन में बहुत बदलाव आ जाता है और बीज का परिवर्तन हो जाता है, यह सब भ्रम की बात है. सिद्धांत ऊपर देखिये, उसी सिद्धांत से ईश्वर ने यह अद्भुत सृष्टि की है की पुरे संस्कार में एक मनुष्य किसी दुसरे के जैसा नहीं है.

बीज की बात करने वाले आप न हो, पर समाज में यह सुनने मिल जात है. स्त्री खेती नहीं है, पर यह प्रचलित विचार किधर का है तो बता देता हूँ-

نِسَآؤُكُمْ حَرْثٌ لَّكُمْ فَأْتُوْا حَرْثَكُمْ اَنّٰى شِئْتُمْ وَقَدِّمُوْا لِاَنْفُسِكُمْ وَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّكُمْ مُّلٰقُوْهُ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِيْنَ

(البقرة: ٢٢٣)

(कुरान सूरा-अल-बकराह आयत 223)

نِسَآؤُكُمْ (औरतें तुम्हारी), حَرْثٌ (खेती हैं), لَّكُمْ (तुम्हारे लिए), فَأْتُوا۟ (तो आओ), حَرْثَكُمْ (अपनी खेती में), أَنَّىٰ (जिस तरह), شِئْتُمْ (चाहो तुम), وَقَدِّمُوا۟ (और आगे भेजो), لِأَنفُسِكُمْ (अपने नफ़्सों के लिए), وَٱتَّقُوا۟ (और डरो), ٱللَّهَ (अल्लाह से), وَٱعْلَمُوٓا۟ (और जान लो), أَنَّكُم (बेशक तुम), مُّلَٰقُوهُ

(मुलाक़ात करने वाले हो उससे), وَبَشِّرِ (और ख़ुशख़बरी दे दीजिए), الْمُؤْمِنِينَ (ईमान लाने वालों को)

Muhammad Faruq Khan Sultanpuri & Muhammad Ahmed:

"तुम्हारी स्त्रियों तुम्हारी खेती है। अतः जिस प्रकार चाहो तुम अपनी खेती में आओ और अपने लिए आगे भेजो; और अल्लाह से डरते रहो; भली-भाँति जान ले कि तुम्हें उससे मिलना है; और ईमान लानेवालों को शुभ-सूचना दे दो"

यह सब इनकी संस्कृति है हमारे लोग क्यूँ भ्रमित हैं?

अगर शरीरों में बीज ख़राब होता तो कर्ण का शक्ति बाण घटोत्कच को नहीं अर्जुन को ही उस दिन लगता, क्यों की घटोत्कच की माँ राक्षस जाति की थी और वह अर्जुन का भांजा था

यह पुरुषों में **यह स्त्रियों में**

चित्र 2.8 शुक्रजनन एवं अंडजनन का आरेखीय निरूपण

<u>आरोपण:</u> तुम ही सर्वज्ञ हो अतिरिक्त सब हम मुर्ख ही होंगे?

निवेदन: मेरा हेतु उद्देश्य अगर आप विचारे तो मेरे लिए ये करना पग पर कुदाल खुरपि सरीखे मारना है, पक्ष रखने का धर्म खंडन है, मेरा मत वेदमत है, आपसे मेरा द्वेष नहीं है अपितु आपसे अच्छे सम्बन्ध मेरे लिए ऐच्छिक और आवश्यक है, भाग्य से विवश हूँ, आप मेरे तर्क छेद सके तो वह कहिये तो अति कृपा हो, मेरी बाते अन्यथा न लें, यहाँ इस विषय का अंत लेते हैं उससे पहले विषय का सार

सारगर्भित बात

बहिर्विवाह के लाभ और सजातीय विवाह के दोष

बहिर्विवाह के लाभ	**सजातीय-विवाह के दोष**
१. **आनुवंशिक विविधता:** बहिर्विवाह के परिणामस्वरूप अक्सर दो व्यक्ति जो आनुवंशिक रूप से निकट से संबंधित नहीं होते हैं, एक-दूसरे से विवाह कर लेते हैं। इससे संतानों की आनुवंशिक विविधता बढ़ जाती है, जिससे उनके प्रजनन की संभावना बेहतर हो जाती है।	१. **सीमित आनुवंशिक विविधता:** अंतर्विवाह एक समुदाय के भीतर सीमित आनुवंशिक विविधता को जन्म दे सकता है। समय के साथ, इसके परिणामस्वरूप वंशानुगत स्वास्थ्य समस्याओं और आनुवंशिक विकारों का खतरा बढ़ सकता है।
२. **राष्ट्रीय एकता और एकजुटता:** बहिर्विवाह से राष्ट्रीय एकता और एकजुटता हो सकती है, और जातीयतावाद से बचने में	२. **राष्ट्रीय एकता का टूटना:** सजातीय विवाह राष्ट्रीय एकता को तोड़ता है और ईर्ष्या पैदा कर सकता है। भारत की गुलामी में

मदद मिलती है। सिकंदर इतिहास में वह कुशल और यशस्वी सेनापतियों में से एक माना गया है. इसने अपने सेना-नायकों का विवाह जीते क्षेत्रों में बलपूर्वक करवाया और इसके कारण उसके जीवन रहते उसके साम्राज्य में कभी राष्ट्र विद्रोह नहीं हुआ।	यह सबसे बड़ा कारण है. भारत के इतिहास में समुद्रगुप्त के भारत दिग्विजय के बाद केवल अलाउद्दीन खल्जी, औरंगजेब और इन्ग्लंड इसमें सफल हुए. वर्तमान में दक्षिणी खुदको हिन्दू नहीं मानते, और जन-जाति वालों को भीमसेनायें बौध बना लेती है जो हिन्दुओं की प्रतिमाओं को ही पुनः खंडित करते हैं।
३. **सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देता है:** बहिर्विवाह से दो अलग-अलग समूहों या जनजातियों के बीच प्रेम और सहानुभूति बढ़ सकती है।	३. **जातीय केंद्रित व्यवहार को बढ़ावा देता है:** अंतर्विवाह जातीय केंद्रित व्यवहार को जन्म दे सकता है। अन्य समूहों के साथ नफरत और ईर्ष्या पैदा कर सकता है।
४. **आनुवंशिक विकारों का जोखिम कम:** यह संतानों को दोषपूर्ण जीन की दो प्रतियां विरासत में मिलने के जोखिम को कम करता है। इसका मतलब यह है कि वंशानुगत बीमारियाँ, जो महिलाओं में बांझपन और बच्चों में कैंसर जैसी स्थितियों	४. **अंतःप्रजनन:** अंतर्विवाह अंतः प्रजनन को प्रोत्साहित करता है, जिससे आनुवंशिक स्टॉक के अध:पतन का कारण बनने की संभावना है।

का कारण बन सकती हैं, होने की संभावना कम है।	
५. **साझेदारों का विस्तृत चयन:** यह संभावित साझेदारों का व्यापक चयन प्रदान करता है, क्योंकि यह किसी के तत्काल सामाजिक समूह तक सीमित नहीं है। इससे वंशाणु सशक्त होता है।	५. **सीमित साथी चयन:** सजातीय विवाह में साथी चयन का विकल्प बहुत सीमित होता है। इसमें वंशाणु उसी सीमित समूह तक रहता है।

"..13 फ़रवरी 1971

सलेम, तमिलनाडू

श्री राम और माता सीता की नग्न प्रतिमाओं को जुलूस में निकालकर चप्पलों से पीटा गया। *हिन्दू देवी-देवताओं का अश्लील चित्रण किया गया। श्री राम का पुतला सार्वजनिक रूप से जलाया गया। हिंदू देवताओं की वासना और उनके जन्म को उजागर करने वाले पोस्टर हर जगह पाए गए। कई अन्य तस्वीरों में पौराणिक कथाओं की नग्न मूर्तियाँ और कामुक दृश्य दर्शाए गए हैं।"*

एस. रॉबर्टसन

(1971 में पेरियार द्वारा सलेम में आयोजित'अंधविश्वास उन्मूलन सम्मेलन)

इतिचतुर्थ: पाठः

****

समाज और
उसके घटक
खंड:६
व्यक्तिगत आवश्यकताओं का समाधान?
-अन्वेषक

5.समाज और उसके घटक

परस्पर व्यक्तिगत आवश्यकताओं का समाधान?

5.1. सामाजिक विज्ञान और मानविकी

किसी समूह या समूहों के सम्बद्ध सांस्कृतिक, आर्थिक, व्यावहारिक मानदंडों एवं परम्पराओं के औसत को समाज कहते हैं. इसकी सबसे छोटी इकाई पुरुष है. वृहत समाज को समझने के लिए सर्वप्रथम उसके इस व्यष्टि मानव को समझना चाहिए तो समाज के दर्पण का साक्षात् स्वयं हो जायेगा. बृहदारण्यक उपनिषद् (२.४) में एक प्रसिद्ध कथा है। देखें-

जब दार्शनिक-शिरोमणि याज्ञवल्क्य गृहस्थाश्रम का परित्याग कर संन्यास में प्रविष्ट होने लगे तब उन्होंने अपनी भार्या मैत्रेयी को बुलाकर कहा - "मैं इस गृहस्थाश्रम में पड़े रहना नहीं चाहता, मैं परलोक साधन करना चाहता हूँ, आओ मैं कात्यायनी और तुम्हारे लिए अपने धन का विभाजन कर दूं ।" याज्ञवल्क्य की बात सुनकर विदुषी मैत्रेयी ने पूछा - "यदि यह सारी पृथिवी धन-धान्य से परिपूर्ण होकर मेरी हो जाए तो ***'कथं तेनामृता स्याम्'*** क्या मैं उससे अमरत्व को प्राप्त कर सकूंगी ?" महर्षि ने उत्तर दिया- "जैसे साधन-

सम्पन्न व्यक्ति सुख-चैन से जीवन निर्वाह करते हैं, वैसा ही तुम्हारा जीवन भी हो जाएगा. ***'अमृतत्वस्य तु न आशा अस्ति वित्तेन'*** धन-धान्य से अमरत्व पाने की तो तनिक भी आशा नहीं है।" तब मैत्रेयी ने कहा–***"येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्याम्'*** जिस धन से अमरत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती उसे लेकर मैं क्या करूंगी।" इस उत्तर को सुनकर दार्शनिक-शिरोमणि याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को जो आध्यात्मिक उपदेश दिया वह भारतीय धर्म तथा दर्शन के इतिहास में सदा अमर रहेगा। उन्होंने कहा-

"पति पति के लिए प्यारा नहीं होता, अपितु आत्मा के लिए । पत्नी पत्नी के लिए प्रिय नहीं है, प्रत्युत आत्मा के लिए । पुत्र पुत्र के लिए प्यारे नहीं होते, अपितु आत्मा के लिए प्रिय होते हैं । संसार की समस्त वस्तुएँ उनके लिए प्रिय नहीं होतीं अपितु आत्मा के लिए प्रिय होती हैं, अतः सबसे प्रिय वस्तु आत्मा है–

आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम् ॥

मैत्रेयीं ! उस आत्मा का ही दर्शन करना चाहिए, श्रवण करना चाहिए, मनन करना चाहिए और निदिध्यासन (निरन्तर ध्यान) करना चाहिए, क्योंकि आत्मा के दर्शन, श्रवण, मनन तथा विज्ञान से सभी अंतरव्यथाओं और प्रश्नों को जाना जा सकता है ।"

व्यष्टि इकाई (आत्मा) के स्वरूप को और विस्तार से जानते हैं-

आत्मा का लक्षण-

इच्छाद्वेषप्रयत्नसुखदुःखज्ञानान्यत्मानो (न्यायदर्शन 1.1.10)

इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दुःख और ज्ञान आत्मा के लक्षण हैं, अर्थात जिसके ये लक्षण है वह आत्मा है, शरीर नहीं

कर्ता शरीर नहीं आत्मा है-

चिदवसाना भुक्तिस्तत्कर्मार्जितत्वात (संख्या दर्शन 6.55)

चेतन, ज्ञानवान जीवात्मा ही कर्ता और भोक्ता है, शरीर नहीं- आत्मा कर्ता है और भोग केवल आत्मा की तृप्ति से है

इश्वर आत्मा एक नहीं-

आनंदमेयोऽभ्यासात (वैशेषिक दर्शन 1.1.12)

ब्रह्म की निरंतर उपासना से जीवात्मा आनंदमय हो जाता है. इस सूत्र से ब्रह्म और जीव का भेद स्पष्ट होता है

अर्थात शरीर केवल व्यवहार की वस्तु है, व्यवहार का कर्ता स्वयं जीवात्मा है. और यही भावनाएं रखता है. संचित कर्म और संस्कार भी इसके ही शास्त्र कहता है.

मनुष्य समाज के लघु-रूप का उदय आंगल साहित्य में शिकारी-फ़रमर (hunter gatherers) बताया है, जो परस्पर सहयोग के कारण साथ आ गये, इनका केवल भोजन संग्रह और जंगली जानवरों से रक्षा का लक्ष्य था. ऐसे ही और जुड़ते गए तो कबीले बने, अपने आपस के कानून और सिद्धांत बनाये, गत समय पश्चात और अधिक गठन हुए. जनसमूह-जनसँख्या बढ़ने से समाज के इस परस्पर संबंधो के आतंरिक ढांचे की जटिलता और बढ़ी तो मतों और सत्य और अधिकार की सभी की अपनी-अपनी व्याख्या की भिन्नता से राजनीति भी शुरू हुई.

वैसिक साहित्य में क्या हुआ इसका इतिहास पिछले खण्डों में दिया ही है.

वैज्ञानिक आधार पर समाज की रचना प्रारंभिक मनुष्य ने व्यक्तिगत अपनी उत्तरजीविता(survival) के लिए किया, जिसके अंश आज भी मनुष्य मस्तिष्क के मनोविज्ञान में है.

जैसे जैसे समाज विकसित हुआ तो उसकी जटिलता भी वृद्धि को पाई. आवश्यकता उत्तरजीविता(survival) से सुरक्षा बनी, पहले लक्ष्य सरल था- भोजन प्रबंध, अब लक्ष्य उसे और खुदको बचाना, सुरक्षा

तत्पश्चात वह सगे सम्बन्धी एवं प्रेम चाहते है, समाज में पूर्णता मिलने से आदर को इच्छित होता है, और उसके लिए प्रयत्नशील होता है, इसके बाद वह खुदको जानने की ओर इच्छा करता है, जैसा अमीर व्यक्ति उस रेखा को पार कर चूका होता है पर फिर भी वह और अधिक धन कमाना चाहता हैं, अपने विस्तार का माप देखने की इच्छा करता है, जैसा याज्ञवल्क्य मैत्रेयी से कहता है : आत्मसाक्षात्कार. आगे इसी प्रकार नीचे मैस्लो के पदानुक्रम में देख लीजिये

आवश्यकताओं का मैस्लो का पदानुक्रम

आत्म-साक्षात्कार
के लिए सबसे अधिक बनने की इच्छा जो आप बन सकते हैं

आदर
सम्मान, आत्म-सम्मान, स्थिति, मान्यता, शक्ति, स्वतंत्रता

प्यार और अपनापन,
दोस्ती, आत्मीयता, परिवार, जुड़ाव की भावना

सुरक्षा के लिए
व्यक्तिगत सुरक्षा, रोजगार, संसाधन, स्वास्थ्य, संपत्ति की आवश्यकता होती है

शारीरिक आवश्यकताएँ
हवा, पानी, भोजन, आश्रय, नींद, वस्त्र, प्रजनन हैं

नीचे से उपर की ओर

यह अवश्यक्ताओं की जटिलता ही समूह का कारण है अतः परस्पर व्यक्तिगत आवश्यकताओं और महत्त्वकांक्षा का समाधान के अर्थ समाज का बनना, यह वाक्य सत्य है, पर इसका मूल उसकी खुदकी आवश्यता ही है. हर मनुष्य का आत्मा आत्मकेन्द्रित मानसिकता वाला ही है, जो उसका प्राकृतिक स्वभाव भी है.

वेद के वचन देखिये-

अथर्ववेद - काण्ड » 20; **सूक्त** » 128; **मन्त्र** » 3

विद्वानों को प्रयत्न करना चाहिये कि उनके सन्तान विद्वान् होकर विद्वानों से मिलकर रहें ॥३, ४॥

अथर्ववेद - काण्ड » 20; सूक्त » 128; मन्त्र » 6

जो कोई ज्ञानी का सन्तान होकर कुमार्गी मूर्ख होवे, वह निर्धन होकर निस्तेज हो जाता है, यह बात वेदशास्त्र से सिद्ध है ॥६॥

आत्मा को, जो अज्ञान से अपने अस्तित्व को भ्रमवश शरीर मानता है, उसे सबसे प्रिय वस्तु अपना पुत्र ही होता है. उपरोक्त वेदमंत्र में जाति व्यवस्था की रीढ़ टूट गयी है. वेद में कई एसे मंत्र पा जायेंगे जिसमे आज के जाति प्रथा से उलट विधान इश्वर ने दिया है, मनु के वही श्लोक अपने ग्रन्थ मनुस्मृति में भी दिया है

मानसिकता से बटवारा

यह विश्वास कि कोई व्यक्ति दूसरों से श्रेष्ठ है, जिसे अक्सर श्रेष्ठता की भावना(सुपीरियोरिटी काम्प्लेक्स) कहा जाता है, एक ऐसा व्यवहार है जो बताता है कि व्यक्ति मानता है कि वह किसी तरह दूसरों से श्रेष्ठ है। इस मानसिकता वाले लोग अक्सर अपने बारे में बढ़ा-चढ़ाकर राय रखते हैं। उन्हें विश्वास हो सकता है कि उनकी क्षमताएं और उपलब्धियां दूसरों से बेहतर हैं। हालाँकि,

श्रेष्ठता की भावना वास्तव में कम आत्मसम्मान या हीनता की भावना को छिपा सकती है।

मनोवैज्ञानिक अल्फ्रेड एडलर ने पहली बार 20वीं सदी के अपने शुरुआती काम में श्रेष्ठता की भावना का वर्णन किया था। उन्होंने रेखांकित किया कि श्रेष्ठता की वास्तव में अपर्याप्तता की भावनाओं के लिए एक रक्षा तंत्र है जिसके साथ हम सभी संघर्ष करते हैं। संक्षेप में, श्रेष्ठता की भावना वाले लोग अक्सर अपने आस-पास के लोगों के प्रति घमंडी रवैया रखते हैं। लेकिन ये महज़ असफलता या कमी की भावनाओं को छुपाने का एक तरीका है।

सभी द्वेष का कारण अपना हित दूसरों से अलग ढूँढना और मानना कारण है. इश्वर ने ही सबको बनाया है. रचना से रचयिता का ज्ञान होता है.

धर्म का स्वरुप वही जानता है जो तर्कपूर्वक धर्म के अवयवों का अनुसन्धान कर निर्णय लेता है- यह मनु का भी वचन है. क्या कारण है जो एक ही मनुष्य योनी में जन्मे एक ही जाति मनुष्य जाति का वही व्यष्टि इकाई मनुष्य आपस में लड़ता है. कारण है स्वार्थ और भ्रम. मनुष्य का आत्मा स्वभाव से स्वार्थी है जो जीवन जीने हेतु उसकी आवश्यकता भी है पर भ्रमित होकर यह वह स्वार्थ पापाचार से भी अर्जित करने का प्रयास समय समय करता है. मनुष्य अधिकार अवश्य चाहता है स्वतंत्रता चाहता है पर धर्म कर्त्तव्य नहीं.

इन मत-मतान्तरों के संघर्ष ने पूरी मानवता को दुःख सागर में डुबो रखा है. सभी का सभी से परसपर अविश्वास से सब विरोध और उदासीनता का कारण है. जो सत्य से समझौता करते हैं उनका नाश तो होता ही है और जो चुप्प रहकर सत्य की अर्थी उठाने का ही एक प्रकार से सहयोग कर रहे हैं उनका नाश पहले होगा यह मनु भी मानते हैं. पाप करने वाले दोषी होते हैं पर जो पाप होते देखते हैं वे अधिक दोषी हैं

பிள்ளையார் சிலை உடைப்புப் போராட்டம் (1953)

1953 में पेरियार ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान गणेश की मूर्ति तोड़ दी।

"ENLIGHTENMENT" IN SALEM. Comments Cho in Thuglak: "It is a good thing that Periyar was crusading for abolishing superstition in Tamil Nadu. But this is not good enough. How about liberating the rest of the country?" The second placard carries the same legend inscribed on the pedestal of a statue of E. V. Ramaswami Naicker, unveiled by Chief Minister Karunanidhi which he said he did not notice: "There is no God, there never was one. Those who believe in God are fools. Those who worship God are barbarians."

Banned In Tamil Nadu

Has even God to be at a discount in a secular State? The so-called Anti-Superstition procession taken out at Salem was a real affront to millions of Hindus and to their sense of duty, dignity and discipline, the three precepts by which the Dravida Munnetra Kazhagam swears for advancement of the ruling party in Tamil Nadu.

CHO (real name S. Ramaswamy), the editor of Thuglak. His question of the day to Tamil Nadu's Chief Minister: "If beating portraits of gods with chappals was ethical, how does publishing photographs of the incident become unethical?"

THE BANNED ISSUE. The cartoon on the cover shows Gandhiji, Nehru and Annadurai moaning over the present climate in the Indian scene—each in turn regretting the change in the children, daughter and brothers.

THE Madras Police recently raided the premises of the Tamil fortnightly, Thuglak and seized copies of the issue of February 15 on the basis that they contained "indecent, scurrilous pictures, etc".

The issue carried pictures of the tableaux taken in procession at Salem, in connection with the "Superstition Eradication Conference" organised by the Dravida Kazhagam. The tableaux ridiculed Hindu gods and goddesses, portraying them in an obscene manner.

Cho (S. Ramaswamy), the editor of Thuglak, offered, at the time of the seizure, to tear off the pages containing the features objected to and sell the issue, but his pr... was rejected.

The Salem incident is bound to have repercussions in the mid-term elections.

"Periyar" E. V. Ramaswami Naicker, leader of the Dravida Kazhagam, who organised the "Anti-Superstition" procession, had even as early as 1953 broken an idol of Ganesa, at Tiruchirapalli. The complaint finally went up to the Supreme Court and the Judges made a significant observation: "If there is a recurrence of such a foolish behaviour on the part of any section of the community, we have no doubt that those charged with the duty of maintaining law and order will apply the law in the sense in which we have interpreted the law". Earlier the Judges had explained that "the courts have to pay due regard to the feelings and religious emotions of different classes of persons, with different beliefs, irrespective of the consideration whether or not they share their beliefs or whether they are rational or otherwise, in the opinion of the court".

28 THE ILLUSTRATED WEEKLY OF INDIA, MARCH 7, 1971

1956 में उन्होंने मरीना में श्रीराम की तस्वीर जला दी थी.

OLD MAN AT HIS OLD GAME. The police have registered a case against Periyar E. V. Ramaswami Naicker. But, unperturbed, he says, "I have been doing these things from 1930."

NOT FOR VENERATION, BUT DENIGRATION. Black shirt followers of the D Kazhagam slipper a Rama figure to symbolise their "emancipation" from superstition. showed little concern for the feelings of the hundreds of millions of their countrymen venerate Rama as the paradigm of perfection.

HYMN TO SKANDA—Siva's son also known as Kartikkeya, the god of war and the planet Mars. The Mahabharata and the Ramayana say that Kerttikeya was produced without the intervention of a woman. Siva cast his seed into the fire which was afterwards received by the Ganga. The child was fostered by six nurses known as the Krittika, and hence he has six heads and the name Kerttikeya. The Dravida Kazhagam has however its own twist to the tale.

ஆண் கடவுளர்கள் புணர்ந்து பெற்ற ஐய்யப்ப

AIYAPPAN born out of the union of male gods—reads the le to this tableau. Hari-Hara, a combination of the names of V and Siva and representing the union of the two deities in one, been accounted for in different tales. One such is that Siva wer moured of Vishnu in the form of Mohini and out of Hari-Hara born Aiyappan, the Lord of the Sabarimalai temple.

VARAHA AVATAR—the D Kazhagam's visualisation. vishnu "excavates" the eart tableau has in the backgr depiction of mother Bhuma the demon Nara—a legend has no authoritative sour Satapatha Brahmana state (the earth) was only so la size of a span. A boar calle she raised her up. Her lord pati, in consequence prosp with this pair and makes h plete." The Madras High C quashed the Tamil Nadu ment's recent order forfe tain posters on th with the obser ernment

ஊர்வலத்தில் ராமர் சிலைக்கு
செருப்பு மாலை...

1971 में पेरियार ने सेलम में भगवान श्री राम और माता सीता की झांकी बिना कपड़ों के चप्पलों की माला पहनाकर जुलूस का नेतृत्व किया था. इस रैली का नाम "रावण लीलाई" रखा गया

इस भारतवर्ष में बहुत से (1)धर्मात्माओं ने जन्म लिया, इस जैसे (२)धर्मात्माओं ने भी जन्म लिया और हम जैसे (3)धर्मात्माओं ने भी जन्म लिया

श्री राम तो धर्म की मूर्ति हैं, उनका परिचय किसे चाहिए?

पेरियार का अर्थ पवित्र आत्मा है, जो इसे तमिल लोग बुलाते थे

और हम इतने धर्मात्मा वैरागी बने हुए हैं की हमारे धर्मपुरुषाओं का क्या अपमान इसी समाज में हुआ, हमें ज्ञात भी नहीं

ऐसे समजा की दुर्गति की कामना तो स्वयं इश्वर भी करता होगा. अपने असमर्थ पिता का अपमान हमारे सामने हो और हम अपने और अपने परिवार के लिए चुप्प कर कमाते रह जाए तो उस बुड्ढे की आत्मग्लानि की क्या सीमा होगी? वह लिखा नहीं जा सकता.

(अंत)

यहाँ समाज के व्यष्टि इकाई मानव की व्याख्या की- आगे के विषयों में वैदिक समाज का सदाचार, वर्तमान समाज की स्थिति, प्रतिष्ठादर्शन, सामाजिक भूलें आदि. देख लेवें. इति

प्रतिष्ठा की अवधारणा

-अन्वेषक

प्रतिष्ठा की अवधारणा

प्रतिष्ठा का व्यक्ति से अलग एक वास्तविक अस्तित्व है, जो उस व्यक्ति के बारे में साझा किए जाने वाले सह-सामूह या समुदाय के मानसिक निर्माण का प्रतिनिधित्व करती है, यह निर्माण अर्ध आंशिक रूप से आपके स्वयं के कार्यों पर आधारित है, लेकिन बचे आधे हिस्से में आपके कार्यों के बारे में दूसरों की धारणाओं पर।

पर इसका आधार तो समाज ही है. समाज का आधार क्या है? उसके मन में रचे बसे पीढ़ियों के ज्ञान का वह औसत जो उनके पूर्वजों से चला आया है जिसे सभ्यता भी कह सकते हैं.

क्या हो अगर वह सभ्यता सिर्फ नाम मात्र बची हो उसका व्यवहार और सभी नियम अर्ध-सत्य या पूर्णतया ही ख़त्म सा हो गया हो? बिना आत्मा के शरीर की जो स्थिति हो वही जान पड़ती है. प्राण नहीं है पर शरीर का एक-एक अंग कीड़े लग कर गल रहा है, वही स्थिति आर्यों के उतरार्ध वर्तमान इस हिन्दू समाज की है जो किसी सड़ते-गलते, कीड़े लगते शरीर की तरह हो चूका है.

रही प्रतिष्ठा की भावना, किन समाज मे देव आप अपनी प्रतिष्ठा खोजते हैं? जिन्होंने अपना धर्म को अर्थ के लिए समझौता किये हुआ है? आपके शहर के मंदिरों के शीर्ष पुजारीयों को संभवतः श्राद्ध और विवाह मन्त्रों के लिए भी पुस्तक की आवश्यकता पड़ती हो, जो उनकी एकमेव रोटी है. अन्य महाभारत और रामायण की बात ही क्या? एक पुराण में वेद को राक्षस ही अपहरण कर ले गया है. ये धर्म के दुश्मन क्या धर्म के स्वरुप को जानेंगे. यह हिन्दू समाज में व्याप्त 'राक्षसी' जाति और इसके पीछे इसकी पंक्ति में बैठे इसके पुत्र सजातीय विवाह ने इस हिन्दू जनमानस को खंड-खंड क्षेत्र-क्षेत्र में बाँटा है. स्वार्थ द्वेष अपने ही भाइयों से बढाया है. जाट राजपूत से, शूद्र ब्राह्मणों से, केवल वैश्य लोग ही इससे बचे क्यूंकि उन्हें पैसा कमाना था और समाज से अपने को विभाजित नहीं माना, इसी के कारण समाज में इनका कद बढ़ा बजाये उनके जो

अपने को दूसरों से अलग मानते हैं. इनके बाँटने से नए नेता उभरे और अपने समुदाय के नाम पर राजनीति करने लगे, समाज तो पहले से ही स्वार्थी और अज्ञानी है. समाज कल्याण करने वाले मंदिर में बैठे पुरोहित भी निर्धन. क्या धर्म हो इस परिस्थिति में? सब कुंठा से ग्रसित.

दूसरा तर्क खुद समझिये जब अपनी जाति में भी अच्छा युवक/युवती ढूंढते हो, की अपनी जाति में भी जानते हो दुष्ट हैं, तो दुसरे जाति में क्या कोई अच्छा नहीं होगा? 'हम तो उन्हें मनुष्य ही नहीं मानते, मनुष्य जाति क्या है, हमने तो अपनी अलग की हुई है'

अब व्यक्तिगत टिपण्णी पर आते है-

1. आप गीता में कर्म की श्रेष्ठता का सिद्धांत स्वीकार करते हैं.
2. उसी गीता में वीरगति होने से स्वर्ग होता है, अर्थात संचित हुआ वह कर्म अगले जन्म में भी रहा करता है.

अस्तु, दो बातें स्पष्ट है, जिस प्रकार के कर्म करे उस प्रकार के फल संचित होते है दूसरा ये संचित कर्म अगले जन्म को भी आत्मा के साथ जाते हैं.

"इसी पृथ्वी पर हर बार जन्म मिलता है और यहीं कर्म भोगना होगा" यह मानने वालों के लिए प्रेमपूर्वक उपहार-

नमो स्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु । येऽअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥ यजुर्वेद - अध्याय » 13; मन्त्र » 6

हे मनुष्यो! जितने लोक दीख(दिखते) पड़ते हैं, और जो नहीं दीख(दिख-देखना) पड़ते हैं, वे सब अपनी-अपनी कक्षा में नियम से स्थिर हुए आकाश मार्ग में घूमते हैं, उन सबों में जो प्राणी चलते हैं, उन के लिये अन्न भी ईश्वर ने रचा है कि जिससे इन सब का जीवन होता है, इस बात को तुम लोग जानो॥६॥

देहपात के अनन्तर देह तो अपने-अपने कारण पदार्थों में लीन हो जाता है और जीव स्वकर्मानुसार प्रकाशमय, जलमय, पृथिवीमय लोकों तथा वृक्षादि की जड़योनियों तक प्राप्त होता है ॥३॥ **ऋग्वेद - मण्डल** » **10**; **सूक्त** » **16**; **मन्त्र** » **3**

हे जीवो! जो जगदीश्वर तुम्हारे लिये सुख चाहता है और किरणों के द्वारा लोक-लोकान्तर को पहुंचाता है, वही तुम लोगों को न्यायकारी मानना चाहिये॥२॥ **यजुर्वेद - अध्याय** » 35; **मन्त्र** » 2

सृष्टि प्रवाह से अनादि है और हर कर्म संचित होता है, इसी प्रकर अन्य पृथ्वियों पर भी जन्म होते हैं और वहां पर किये कर्म भी संचित होते हैं और पुराने कर्मो का फल कोई अर्जी लगाकर भूला या कम नहीं हुआ करता, वह निश्चय से मिलता है.

पर मुख्य प्रश्न यह है इन कर्मो का आधार, की क्या अच्छा है क्या बुरा, धर्म-अधर्म यह कौन स्पष्ट करेगा? उन्ही श्री कृष्णा की शास्त्र परंपरा में सत्य आपको पिछले खंडो में भी दिखाया है, तो भी-

वेदवेदाङ्गविज्ञानं बलं चाभ्यधिकं तथा। नृणां लोके हि कोऽन्योस्ति विशिष्टः केशवादृते।।

(युधिष्ठिर के राजसूय में अर्घदान पर ब्रह्मचारी भीष्म)

महाभारत सभापर्व अध्याय 41 श्लोक 19

इनमे(कृष्ण में) **वेद-वेदांग** का ज्ञान तो है ही, बल भी सबसे अधिक है, श्री कृष्ण के सिवा इस संसार में मनुष्य में दूसरा कौन सबसे बढ़कर है?

अवतीर्य रथात् तुर्णं कृत्वा शौचं यथाविधि। रथमोचनमादिष्य संध्यामुपविवेष ह।।

महाभारत उद्योगपर्व अध्याय 84 श्लोक 21

यानी जब सूर्य ढलने लगा तब श्रीकृष्ण ने जल्द ही रथ से उतरकर रथ को रुकने का आदेश दिया और पवित्र होकर सन्ध्योपासना में लग गए।

आ ते वत्सो मनो यमत्परमाच्चित्सधस्थात् । अग्ने त्वां कामये गिरा ॥८॥

सामवेद - मन्त्र संख्या : 8

हे (अग्ने) जगत्पिता परमात्मन् ! (ते) तेरा **(वत्सः) प्रिय पुत्र** (परमात् चित्) सुदूरस्थ भी (सधस्थात्) प्रदेश से (मनः) अपने मन को (आयमत्) लाकर तुझ में केन्द्रित कर रहा है। अर्थात् मैं तेरा प्रिय पुत्र तुझमें मन को केन्द्रित कर रहा हूँ। मैं (गिरा) स्तुति-वाणी से (त्वाम्) तुझ परमात्मा की (कामये) कामना कर रहा हूँ, अर्थात् तेरे प्रेम में आबद्ध हो रहा हूँ ॥८॥

पुत्र विशेषण पर ध्यान दीजिये और इस मंत्र से पूर्व महाभारत का संध्योपासना का श्लोक फिर पढ़िए.

नान्यः पन्था विद्यतेयनाय ॥ यजुर्वेद 31.18

यदि मनुष्य इस सुखों की इच्छा करें तो परमात्मा को जानके ही हो सकते हैं, यही सुखदायी मार्ग है, इससे भिन्न कोई भी मनुष्यों की मुक्ति का मार्ग नहीं है॥१८॥

यदि वाहमनृतदेव आस मोघं वा देवाँ अप्यूहे अग्ने । किमस्मभ्यं जातवेदो हृणीषे द्रोघवाचस्ते निर्ऋथं सचन्ताम् ॥

ऋग्वेद - मण्डल » 7; सूक्त » 104; मन्त्र » 14

(यदि वा) यदि मैं (अनृतदेवः) झूठे देवों के माननेवाला (आस) हूँ अथवा (अग्नि) हे ज्ञानस्वरूप परमात्मन् ! (मोघं) वा मिथ्या (देवान्) देवताओं की (अप्यूहे)

कल्पना करता हूँ, तभी निस्सन्देह अपराधी हूँ। जब ऐसा नहीं, तो (किमस्मभ्यं) हमको क्यों (जातवेदः) हे सर्वव्यापक परमात्मन् ! आप (हृणीषे) हमारे विपरीत हैं, (द्रोघवाचः) मिथ्यावादी और मिथ्या देवताओं के पूजनेवाले (ते) तुम्हारे (निर्ऋथं) दण्ड को (सचन्ताम्) सेवन करें ॥१४॥

नियतकारणत्वातन्न समुच्चयविकलपौ ॥१५॥

संख्या दर्शन 3.25

मुक्ति प्राप्ति में ज्ञान अनिवार्य कारण है, अतः इस ज्ञान का न तो किसी अन्य साधन के साथ समुच्चय है और न ही विकल्प ।।25।।

पर कोई कहे हमें क्यों मोक्ष करवाकर मरवाते हो तो -

तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्ग: ।।२२।। **न्यायदर्शन 1.22**

उस जन्मरूप दुःख से निवृत्ति =छुटकारे का नाम अपवर्ग =मोक्ष है

अथ त्रिविधदुखात्यांतनिवृत्तिरत्यंतपुरुषार्थ ।।१।।

सांख्यदर्शन 1.1

अब अधिकारपूर्वक आध्यात्मिक(आत्मा इन्द्रियों से) अधिदैविक (अन्य प्राणियों से) और अध्भौतिक(तीन प्रकार के दुखों की अत्यंत निवृत्ति जो परमपुरुषार्थ =मोक्ष है, उसके शास्त्र का आरम्भ.

जो अपने जीवन में दुखों से परमसंतुष्ट है उसे ही मोक्ष के लिए पुरुषार्थ नहीं करना कहिये.

इससे जान पड़ता है जैसा हिन्दुओं के गुरु बताते हैं की भक्ति से मुक्ति हो जाति है लीला को सुनो भक्त बनो प्रभुरस में डुबो आदि सरीखी बात कुछ फर्जी लगती है, संभवतः जब खुद ही नहीं पढ़ते तो दूसरों से क्या बोलें?

अस्तु, जब श्री राम, श्री कृष्ण, महर्षि-राजर्षि पृथ्वी के प्रथम विधानकर्ता मनु को मानते हैं, मनु वेद को परम प्रमाण मानते हैं और दोनों मनु और इश्वर रचित वेद स्वयंवर की आज्ञा दे रहे है और जहाँ इतिहास में द्रौपदी-कुंती आदि उदाहरण भी प्रस्तुत हैं तो क्या ये समाज उस ईश्वर धन श्री राम और श्री कृष्णा से अधिक बड़ा है? क्या यह समाज परमेश्वर से बड़ा है जो धातुओं के कई अरब ख़रब टनों के ग्रहों को, अग्नि तप्त सूर्यों को आकाश में तैरा रहा है? गंभीरता से विचार का विषय है.

एक कठोर वास्तविकता यह है- हम उन्हें अधिक महत्व देते हैं जिनका हमसे सम्बन्ध केवल इस एक जीवन का है बजाये उसके जिसका सम्बन्ध हम से अनंत बार रहा है. वह परमेश्वर जो अनंत समय से शरीर देकर जीवन आरम्भ करता है, अनेक साधन मुह्यिय्या करवा रहा है और जब शरीर शक्ति हीन हो जाता है तो नया चोला भी देता है- बदले जिसके एक कौड़ी नहीं मांग रहा केवल हमारा सुख चाहता है, क्या कोई दंभ भरकर कह सकता है? की उसने इश्वर से अधिक आपको दिया है? जब हमारा मृत्यु होता है तब वह परमपिता हमारे आत्मा को नया चोला देता है, वहीँ ये स्वजन अंत्येष्टि में पुड़ी तोड़ने आते हैं और वहां भी खाने में अक्सर कमियां निकालते है. उस ऐसे परोपकारी परमेश्वर की आज्ञाओं की उपेक्षा हम उन रिश्तेदारों और स्वजनों के हित आहूत करते हैं जिनका सम्बन्ध इसी जन्म रहेगा.

वह श्री कृष्ण जो जटिल समय पर भी धर्म से न डिगते न श्रांत-क्लांत हुए, परिश्रम किया और सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया. आज उन्ही के मानने वाले अपना आलस बचाने प्रसाद का डब्बा चढाने जाते हैं जिसे भी साथ ले आते हैं. कृष्ण को तो माना, कृष्ण की नहीं मानी. उन्हें धर्म की रक्षा करनी ही होती तो अर्जुन को ज्ञान और पुरुषार्थ का उपदेश न देते. जो स्वयं पुरषार्थ

करने का उपदेश दे, उसी की प्रतिमा के सामने आलस-प्रमाद के उत्पात का नाच जो रोज़ मंदिरों में होता है, इसका परिणाम इस हिन्दू समाज की स्थिति आत्मा छोड़े सड़ते-गलते, कीड़े खाए-बदबू छोड़ते शरीर की तरह है. श्री कृष्ण जो अगर साक्षात् उतर आये तो अपने कुटुंब का नाश देखकर जो आत्मग्लानि उन्हें हुई होगी यद्यपि यह तमाशा देखकर उस दृश्य से कमतर भी नहीं होगी, की किस प्रकार मनुष्य स्वार्थी हुआ है और सबसे पहले अपना चक्र मथुरा वृन्दावन पर ही मरेंगे, उनसे जो अपना स्वयं का गृह क्लेश रोक नहीं पाए, पूरा जीवन संघर्ष, युद्ध, विद्रोह और कठिन दुःख भोगकर धर्म को बलिदान दिया आज उनके मानने वाले उन्हें गोपियों के साथ नचवाते, लीलाएं करवाते और मन्नते किया करते हैं.

इसका शरीर और मस्तिष्क सड़-गल गया, क्यूंकि इस समाज ने अपना हिंदूवादी प्रतिनिधित्व, उचित नीतियां और स्वाध्याय अपने वेतन, बच्चो, घर और प्रतिष्ठा में फूंक दिया, धर्म तो कहीं पीछे रह गया, दान ख़तम होने से साधू संतो ने भी कार्य बंद करके अपनी सेवाएँ बेचना शुरू कर दिया और बचे हुए को बॉलीवुड के भांडों ने धर्म को बदनामकरने में कोई पुरुषार्थ की कमी नहीं छोड़ी, (सिनेमा में “बलात्कारी लाला ब्रह्मण ही क्यूँ होता है?” पढ़िए), सन्यासियों तपस्वियों के ख़तम होने से और अधिक दुर्दशा हुई.

जो बचे उन्होंने मिथ्या जातिवाद और आडम्बर का प्रचार कर दिया जिससे और सत्यानाश हुआ. ऐसे समाज में जहाँ नामधारी ही बचे हों और नाम के पीछे बहुरूपिये का कार्य करते हों, इनमे प्रतिष्ठा करने में किस अमृत की प्राप्ति आपको होती है? किसे अभिलाषा होगी? कोई कहता हो की समाज से सम्बन्ध टूट जाए, तो एसा भी नहीं है. कोरोना महामारी में जब लोगो के माता पिता मर गए तो कई दुष्ट लोग अपने माता-पिता के मृत शरीरों से जेवर निकलने और संपत्ति के कागजों पर मृत ही उनके अंगूठे लगाने अवश्य महामारी में सडको पर निकले. यथार्त सत्य यही है मनुष्य स्वार्थी है और आपके संबंधों में भी जब तक स्वार्थ है तब ही तक वे आपके साथ देते हैं. अन जब स्वार्थ न मिले तो निष्क्रियता मस्तिष्क का स्वभाव है. दान देने वाला भी पुण्य सोचता है तब ही

दान करता है. जो बताया जाए जीवन केवल यही है और कोई पाप पुण्य नहीं होता, तो सबसे बड़ा पापी बने. स्वार्थ दान में भी है. बिना स्वार्थ के कुछ नहीं.

अंतिम में,

सत्यवादी तो सत्यवादी ही होता है और जो समय परिस्थिति देखकर सिद्धांतों से समझौता कर ले वह राजनेता कहाता है. अस्तु, सब प्रमाण पिछले खण्डों में दे ही दिये गए है, देख लेवें, तब भी कोई हठ करे तो अंत में वही दिखावा समाज की बात कहते हैं-

राम या बड़ा समाज कृष्ण बड़ी या जात ।

मार्ग को भूला मान, सत्ता को प्रणाम ।।

तृष्णा की भरमार कागज़ अपरम पार।

सत्य बड़ी या साख धर्म को निगला नाग ।।

वर्तमान समाज

-अन्वेषक

वर्तमान समाज

"भारतवर्ष का एक रोग है. वह यह की राजनैतिक प्रभुता प्राप्त व्यक्ति को विद्वान् और ईश्वर भक्त माना जाता है. एक बार हिन्दुओं के शीर्ष धर्मगुरु ब्रह्मचारी प्रभुदत्त ने पंडित जवाहरलाल को भी ईश्वरभक्त लिखकर प्रमाण–पत्र दे दिया था और यही राजनेता बाद में भारतीय विद्या भवन जो अपनी पत्रिका 'वेद एज़' में वेदों का वर्णन "ईसा से 1500 वर्ष पूर्व" मानते हैं, उन्हें लाखों रुपए का दान देकर ऐसे मिथ्यावादी संगठनो को सशक्त करते है जो ऑक्सफ़ोर्ड के कथित संस्कृत महापंडित मैक्स्मुलर और उसके चेले-चाटियों के लेखों के आधार पर अपना शोध छपवाता है जो वेद को 'बचकाना, दुरूह और गंवारपने का गट्ठर' कहते हैं."

-गुरुदत्त

नेताओं को अपना नायक(इश्वर-भक्त) मानने का इतिहास इस हिन्दू समाज का नया नहीं है. अपने धर्म को हिन्दू समाज के पुरोधाओं शीर्ष धर्मगुरुओं ने ही नहीं समझा, एक प्रसिद्ध शंकराचार्य ने अयोध्या मंदिर के लिए न्यायलय में जीत के लिए वेद में अयोध्या शब्द दिखाया. न्यायालय में, इन्होने अधिक नही तो वेदों को इतिहास का ग्रन्थ सिद्ध कर दिया, अर्थ इश्वर की सृष्टि के प्रथम में दिया जाने वाला ज्ञान नहीं रहा वह तो श्री राम के समय लिखा गया या बादमे जुडाव हुआ. जिससे वह ईश्वरीय ग्रन्थ नहीं माना जा सकता, यह वेद के पंडित न न व्याकरण का ज्ञान है न शब्दों के गूढ़ अर्थों का.

सामान्यतः हिन्दू तो अपने ग्रंथों के नाम छोड़िये, वे जो शास्त्र के नाम जानते भी है वो शास्त्र भी कभी नहीं पढ़ते हैं.. अगर कोई वेद का पहला मंत्र पूछने

भारतवर्ष में निकले तो 5 से अधिक गाँव निकल जायेगे एक भी व्यक्ति नहीं बता पायेगा. यही मुसलमानों से पूछिए कुरान की पहली आयत क्या है, bible पढने वाले ईसाइयों से bible की पहली वर्स पूछिये शायद ही कोई मुस्लिम या इसाई मिलेगा जो न बता पाए. जो न बता पायेगा उसे मुसलमान खुद मुसलमान नहीं कहेंगे, उल्टा उसे मार-कूटकर जातिबाह्या ही कर देंगे.

यद्यपि मेरा हाथ धर्म और तर्क में कहीं अधिक पक्का है, समाजिक विज्ञान में नहीं परन्तु वर्तमान समाज को अच्छे-से-अच्छा समझाने का प्रयास अवश्य करूँगा.

स्वतंत्रता के बाद भारत का आज का आधुनिक समाज भले ही शरीर से भारतीय हो पर आत्मा से अँगरेज़ ही है और यह स्वाभाविक नहीं कृत्रिम प्रयासों का प्रभाव है. समाज का वास्तविक स्वरुप क्या है. समाज परिवर्तनशील है. किसी भी समाज की आत्मा उसके अन्तर्निहित अनुभवों द्वारा जनित शिक्षा का औसत है. वही पीढी डर पीढी पूर्वजों का ज्ञान ही व्यक्ति का कोष होता है. मुग़लों के सामने भी ऋषियों की शिक्षा से कुछ इतर हुए तो भी इसी अनुभव ने हमें संघर्ष द्वारा उनके अत्याचारों से बचाया, पर अपने अस्तित्व के लिए अपनी आत्मा इस समाज ने उस समय नहीं बेचीं. अपनी उत्तरजीविता(survival) के लिए संघर्ष करना एक चीज़ है और अपने उस ज्ञान के मूल्यवान कोष की रक्षा अलग. मनुष्य अपनी शिक्षाओं का यदि औसत है, तो क्या अगर शिक्षा बदल जाए तो क्या मनुष्य भी बदल जाता हैं? जी बिलकुल. जब जब मनुष्य को विद्या मिलती है उसका व्यवहार अवश्य बदल जाता है. ज्ञान विनम्रता देता है, जाति उसका हेतु नहीं है. एवं इश्वर की भी सबको सामान अधिकार मिले इस प्रकार की वेद में अनेक प्रतिज्ञाएँ हैं

इस समाज में गुरु तेघबहादुर, सतिदास, मतिदास जैसे वीर भी हुए जिन्हें मुग़लों ने इस्लाम कबूल न करने के लिए क्रूर अत्याचार किया पर उनके आत्मसम्मान और इश्वर के प्रति आस्था को झुका न पाए. यह उनका ज्ञान का ही प्रभाव मानना चाहिए, एसा अपने धर्म पर बलिदान देने वाला समाज जो

दुश्मन की तोपों को गीला करने के लिए अपना सर को तोप के मूह सामने रख दिया करता था(खानवा का युद्ध १५२७) यह समाज आज कैसे एक-एक रुपए के लिए जौंक बन गया? 'मै', 'मेरा परिवार', 'मेरी जात', इतना स्वार्थी क्यूँ और कैसे हो गया? इसका कारण इतिहास के गर्भ में है मऔर अगर उसे खोजे तो ही हम आज की परिस्थिति को अच्छी प्रकार से समझ सकेंगे.

